रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 12 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-81 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी है। साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देवउठनी एकादशी का दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह की निद्रा से जागृत होते हैं। हिन्दुओं में इस दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरूआत की जाती है।

### धनखड़ मंगलवार को पंजाब की यात्रा पर



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को पंजाब की यात्रा पर रहेंगे और जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर कृषि खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2024 के उद्घाटन समारोह में वह मुख्य अतिथि होंगे।

### खरगे ने मुख्य न्यायाधीश बनने पर न्यायमूर्ति खन्ना को बधाई दी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को देश का 51वां मुख्य न्यायाधीश बनने पर बधाई दी है! खरगे ने सोशल मीडिया न्यायमूर्ति खन्ना को भेजे अपने बधाई संदेश में कहा भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के लिए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को शुभकामनाएं। भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद व्यापक अपेक्षाओं से भरा है। और इस कारण निस्संदेह आपके कंधों पर और अधिक बोझ डालेगा। उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि अपने लंबे और विशिष्ट अनुभव के साथ, आप इस जिम्मेदारी का भार उठाने में सक्षम होंगे और अत्यंत विशेषता के साथ न्यायपालिका की सेवा करेंगे।

### शेयर बाजार सपाट

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग, टेक और फोकस्ड आईटी समेत छह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 9.83 अंक बढ़कर 79,496.15 अंक हो गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 6.90 अंक फिसलकर 24,141.30 अंक पर सपाट रहा।


# सर्विस टैक्स के नाम पर करोड़ों रुपये की हेरा-फेरी, मुख्यालय से फाइल गायब

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पायनियर खास

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल की वित्तीय हालत खस्ता हो चुकी है, इसके लिए कुछ हद तक मंड़ल के अफसर ही जिम्मेदार हैं। विभाग में जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ठेकेदारों से सांठ-गांठ कर करोडों रुपये के वारे-न्यारे कर दिये गए, लेकिन किसी को भनक नहीं लगी। दरअसल मुख्यालय में पदस्त उपायुक्त बी. बी. सिंह पर आरोप है कि वह ठेकेदारों से सांठ-गांठ करके तकरीबन 1 करोड़ 4 लाख रुपये आपस में बांटकर गृह निर्माण मंडल को भारी-भरकम चूना लगाने का काम किया है। जबकि मुख्यालय द्वारा साफ तौर पर आदेश जारी किया गया है कि ठेकेदार से सर्विस टैक्स के रुप में वसूल की गई राशि को मण्डल के खाते में जमा कराना है, उक्त राशि को ठेकेदार को वापस नहीं किया जाना है। इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों ने ठेकेदार से सांठ-गांठ करके तकरीबन 1 करोड़ 04 लाख रुपये आपस में बांटकर गृह निर्माण मंडल को चूना लगाने का काम किया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि मामला उजागर होने के बाद उपायुक्त बी. बी. सिंह द्वारा उक्त फाइल को ही गायब करा दिया गया है, बहरहाल सच क्या है? यह तो जांच का विषय है। हैरत की बात तो यह है कि मामला सामने आने के बाद भी विभाग के जिम्मेदार अफसर इस संबंध में कार्रवाई करना तो दूर मामले की मूल नस्ती भी मांगने से बचते नजर आ रहे हैं।



### क्या है मामला

दरअसल जब यह मामला उजागर हुआ तो बी. बी. सिंह उस समय तालपूरी परियोजना संभाग दुर्ग में कार्यपालन अभियंता के पद पर तैनात थे। लेकिन जब इस मामले की जांच हुई तो वह उपायुक्त बन चुके हैं। तालपूरी परियोजना में अपने कार्यकाल के दौरान ठेकेदारों के साथ सांठ-गांठ करके गृह निर्माण मंड़ल को करोडों रुपये का चूना लगाने का अरोप उन पर है, लेकिन विभाग ने अभी तक उनके खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की है। सर्विस टैक्स में हुए करोडों रुपये की हेरा-फेरी की वसूली करना तो दूर मंड़ल इस नस्ती से ही बेखबर है। कहा जा रहा है कि सेवाकर की राशि ठेकेदारों को वापस नहीं किए जाने के संबंध में मुख्यालय के आदेश से तात्कालीन कार्यपालन अभियंता बी.बी. सिंह अवगत थे, उसके बावजूद सरकारी राजस्व को जानबूझकर क्षति पहुंचाने का काम किया गया। वहीं मामले को लेकर तत्कालीन संपदा अधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में भी बी. बी. सिंह को दोषी ठहराया है।

## हमारा उद्देश्य कुशासन से झारखंड को मुक्त करना : पीएम मोदी

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि, चुनाव कोई भी हो कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते हैं। उन्होने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत ने झामुमो, कांग्रेस और राजद की नींद उड़ा दी है। पीएम मोदी ने कहा कि, हमारा उद्देश्य कुशासन से झारखंड को मुक्त करना है, इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत बड़ी है। जब भी झारखंड आया आपसे और महिला कार्यकर्ताओं से बात करने की मौका मिला। उन्होने कहा कि, उत्साह के साथ महिला कार्यकर्ता लोगो से जुड़ रही है। पीएम ने कहा कि, झारखंड की संपदा को लूटा जा रही है। पीएम ने कहा, झारखंड में असीम संभावनाएं हैं, हिंदुस्तान के कई प्रदेश के लोग रोजी-रोटी के लिए प्रदेश आते हैं। पीएम ने कहा कि, हमारा नारा है 'सबका साथ- सबका विकास' और इसी नारे के साथ भाजपा झारखंड का भी विकास करेगी। झारखंड को अन्य राज्यों के विकास की श्रेणी में लाना है इसलिए डबल इंजन की सरकार लाना जरूरी है। झारखंड इस बार बदलाव करने के लिए संकल्पित। उन्होंने कहा कि, इंडी गठबंधन की सरकार ने रोटी-बेटी और माटी पर वार किया है। गठबंधन के वादे अधूरे रहे हैं, कांग्रेस जिस जिस राज्य में सत्ता में है वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है।

## अश्लील वीडियो मामले में रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज



**नयी दिल्ली/(वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के दौरान अश्लील वीडियो लीक होने के बाद सामने आए कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में निलंबित जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने जमानत याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया कि रेवन्ना के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और अधिवक्ता बालाजी श्रीनिवासन की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा,आप (रेवन्ना) से बहुत शक्तिशाली हैं। पीठ के समक्ष वकील ने दलील दी थी कि हालांकि आरोप गंभीर हैं, लेकिन शिकायत में शुरू में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार के आरोपों का जिक्र नहीं है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों के आदिवासी नर्तक दलों की होगी मनमोहक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती-जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय भव्य आयोजन किया जायेगा। दो दिवसीय आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों के आदिवासी नर्तक दल मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। इनमें अरूणाचल प्रदेश के आदि लोक नृत्य नाटिका, मध्यप्रदेश के भील भगोरिया नृत्य, मेघालय के गारो लोक नृत्य और नागालैण्ड के आओ नागा लोक नृत्य सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां होगी। आदिम जाति विभाग द्वारा इसकी तैयारियां की जा रही हैं। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ सहित कई राज्यों के आदिवासी कलाकार, आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी नर्तक दलों एवं कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। अब तक 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तक दलों ने इस दो दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है, जिसमें अरूणांचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड, मेघालय, आसाम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के आदिवासी नर्तक दल शामिल हैं।

## केन्द्र ने अग्निशमन सेवाओं के लिए तीन राज्यों को 725 करोड़ रूपये दिये

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 725 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए 725.62 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी । गृह मंत्रालय के अनुसार समिति ने छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उच्च स्तरीय समिति में केन्द्रीय वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। गृह मंत्रालय ने देश में आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की है। देश में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत 5000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, 15 राज्यों के 2542.12 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी गई है। इस वर्ष के दौरान राज्यों को 21,026 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इसमें राज्य आपदा मोचन निधि से 26 राज्यों को 14,878.40 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से 15 राज्यों को 4,637.66 करोड़ रुपये, राज्य आपदा शमन निधि से 11 राज्यों को 1,385.45 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से तीन राज्यों को 124.93 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## अनिवार्य आयु सत्यापन वाली शराब बिक्री नीति की मांग वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने शराब की बिक्री से संबंधित मजबूत अनिवार्य आयु सत्यापन नीति लागू करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली स्थित कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग (सीएडीडी) की जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। सीएडीडी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी बी सुरेश और अधिवक्ता विपिन नायर द्वारा दायर याचिका में शराब की बिक्री के सभी स्थानों पर अनिवार्य आयु सत्यापन प्रणाली स्थापित करने, सभी राज्यों में शराब विनियमन के लिए एक समान ढांचा बनाने और शराब पीकर गाड़ी चलाने की बढ़ती समस्या को कम करने और रोकने के लिए एक मजबूत नीति लागू करने के निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई गई है। याचिका में भारत के विभिन्न राज्यों में शराब पीने की कानूनी उम्र में भारी असमानता को उजागर किया गया है। याचिका के मुताबिक, गोवा में जहां 18 वर्ष की आयु से शराब पीने की अनुमति है, वहीं दिल्ली में 25 वर्ष है। यह भिन्नता अन्य राज्यों में भी है। महाराष्ट्र में 25 वर्ष और कर्नाटक और तमिलनाडु में 18 वर्ष की आयु में शराब पीने की कानूनी तौर पर अनुमति है। याचिका में न्यायालय का ध्यान कम उम्र में शराब पीने और आपराधिक व्यवहार के बीच के संबंध की ओर भी खींचा गया है। याचिका में उद्धृत अध्ययनों के अनुसार, शराब के संपर्क में आने से डकैती, यौन उत्पीड़न और हत्या सहित हिंसक अपराधों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। याचिका में हाल के पुणे में हुए कार दुर्घटना मामले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें कथित तौर पर शराब के नशे में गाड़ी चलाने वाले एक नाबालिग ने दो युवाओं की जान ले ली थी। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि 18-25 वर्ष की आयु के लगभग 42.3 फीसदी लड़के 18 वर्ष की आयु से पहले शराब पीते हैं।

## न्यायमूर्ति संजीव खन्ना बने उच्चतम न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। वह 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शीर्ष अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा मौजूदा और पूर्व न्यायाधीश, कई केंद्रीय मंत्री और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ रविवार 10 नवंबर को शीर्ष अदालत के 50 वें मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अक्टूबर में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति खन्ना को शीर्ष अदालत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 24 अक्टूबर 2024 को केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने न्यायमूर्ति खन्ना के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने से संबंधित एक अधिसूचना जारी की। न्यायमूर्ति खन्ना 2018 की 'चुनावी बॉन्ड योजना' को रद्द करने वाली पांच सदस्यीय पीठ में शामिल थे। न्यायमूर्ति खन्ना को 18 जनवरी 2019 को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था, तब वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उन्हें 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और एक साल बाद उन्हें यहां स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति खन्ना संविधान के अनुच्छेद 370 का प्रभाव जम्मू कश्मीर से हटाने और सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट (नई संसद भवन और इसके आसपास के क्षेत्रों का पुर्नविकास) हरी झंडी देने वाली पीठ सहित कई महत्वपूर्ण फैसलों के हिस्सा थे। उनकी अगुवाई वाली पीठ ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय के एक मामले में अंतरिम जमानत दी थी।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया रोड शो

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा का धुआंधार प्रचार





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का प्रचार थम चुका है। भाजपा और कांग्रेस की तरफ से धुआंधार प्रचार किया गया है। अंतिम दिन रायपुर में बीजेपी का मेगा रोड शो हुआ। इस रोड शो की कमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संभाली। बीजेपी उम्मीदवार सुनील सोनी के पक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी दिग्गज नेताओं के साथ चुनाव प्रचार किया। आम मतदाताओं तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव भाजपा की बात पहुंचाते नजर आए। सीएम साय के साथ रोड शो में बीजेपी उम्मीदवार सुनील सोनी , उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पार्टी अध्यक्ष किरणदेव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश बैस समेत कई नेतागण मौजूद रहे। भाजपा की तरफ से रायपुर दक्षिण सीट के पूरे क्षेत्र को इस रोड शो के जरिए कवर किया गया। वहीं पूर्व मंत्री सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल पूरे दम-खम से सुनील सोनी को विजयश्री दिलाने लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे है। रायपुर दक्षिण सीट पर बीजेपी के रोड शो की शुरुआत जयस्तंभ चौक से हुई। शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ इस रोड शो की शुरुआत की गई। रोड शो मालवीय रोड, सदर बाजार, पुरानी बस्ती, सुंदर नगर, पंकज गार्डन, कालीबाड़ी और पीडब्ल्युडी चौक होते हुए नेताजी चौक तक के इलाकों में किया गया है। ज्ञात हो रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए सोमवार को प्रचार थम चुका है। वहीं 13 नवम्बर को मतदान होने है।

## विधानसभा उपचुनाव राजग और महागठबंधन के लिये 2025 के चुनाव का सेमीफाइनल

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



बिहार विधानसभा की चार विधानसभा सीट तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन दोनों के प्रत्याशी इस चुनाव को 2025 में होने वाले विधानसभा का सेमीफाइनल मानकर एक-दूसरे को चुनौती देते नजर आयेंगे। बिहार के चार विधानसभा क्षेत्र तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज में 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। इनमें से तीन सीट तरारी, रामगढ़ और बेलागंज में महागठबंधन जबकि एकमात्र सीट इमामगंज पर राजग का कब्जा है। तरारी में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी जबकि रामगढ़ और बेलागंज में राष्ट्रीय जनता दल का कब्जा है। इमामगंज सीट हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के पास है। राजग और महागठबंधन दोनों दलों के दिग्गज नेताओ ने चुनाव प्रचार में ताकत झोंक दी है। राजग और महागठबंधन दोनों दल के प्रत्याशी इस उपचुनाव को अगले वर्ष 2025 में होने वाले विधानसभा का सेमीफाइनल मानकर चुनावी दंगल में एक-दूसरे को चुनौती देते नजर आयेंगे। इन सभी चार सीटों पर उपचुनाव को लेकर 38 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिसमें तरारी में 10, रामगढ़ में 05, इमामगंज में 09 और बेलगंज में 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उपचुनाव की जंग राजग और महागठबंधन के बीच मानी जा रही है। हालांकि इस बार चारों सीटों पर प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

## कश्मीर में कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर महबूबा ने अब्दुल्ला को लिखा पत्र

वार्ता श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्मचारियों की बर्खास्तगी के मामलों का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति गठित किया जाए। मुफ्ती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पत्र पोस्ट किया और कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को उन परिवारों की दुखद दुर्दशा के बारे में लिखा है जिनके सदस्यों को पूरी जांच और निष्पक्ष सुनवाई के बिना 'तुच्छ आधार पर सरकारी सेवाओं से मनमाने ढंग से' बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा' उम्मीद है कि उमर साहब इन परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाएंगे। मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में मुफ्ती ने कहा कि कर्मचारियों की बर्खास्तगी ने हमारे क्षेत्र में अनगिनत लोगों के जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने पत्र में कहा बिना उचित प्रक्रिया के सरकारी कर्मचारियों की अचानक बर्खास्तगी एक पैटर्न, जो 2019 से शुरू हुआ ने, कई परिवारों को तबाह कर दिया है और कुछ मामलों में, बेसहारा बना दिया है। मुफ्ती ने एक समीक्षा समिति की स्थापना का प्रस्ताव रखा जो ऐसे मामलों का व्यवस्थित रूप से पुनर्मूल्यांकन कर सके। उन्होंने सुझाव दिया कि यह समिति बर्खास्तगी के पुनर्मूल्यांकन की दिशा में काम कर सकती है और प्रत्येक मामले की निष्पक्ष और गहन समीक्षा कर सकती है, जिससे प्रभावित व्यक्ति या उनके परिवार अपना पक्ष रख सकें। उन्होंने ऐसे परिवारों के लिए तत्काल मानवीय सहायता का भी सुझाव दिया।

दीपावली, देवउठनी एकादशी एवं कार्तिक पूर्णिमा पर आप सभी को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई

मान. शिवरतन शर्मा जी
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़

अश्वनी शर्मा
पूर्व जिला अध्यक्ष भाजयुमो
जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

सुनील (गोलू) यदु
जिला अध्यक्ष भाजयुमो
जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

भवदीय
सुनील (गोलू) यदु
अध्यक्ष भा. ज. युवा मोर्चा
जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं देवउठनी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

राधेश्याम फ्यूल्स
लिंक रोड, जनपद ऑफिस के सामने, भाटापारा, मो.: 93004-35666

इंडियनऑयल IndianOil

- राधेश्याम फ्यूल
- राधेश्याम बस सर्विस
- सिटी Plex सिनेमा, भाटापारा

एसी बस उपलब्ध
दीपक शुक्ला
सुदीप शुक्ला

प्रदेशवासियों को दीपावली, देवउठनी, एवं कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का प्रथम शिक्षा महाविद्यालय
कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट

- पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से संबद्ध
- एन.सी.टी.ई. भोपाल से मान्यता प्राप्त।
- एस.सी.ई.आर.टी. (छत्तीसगढ़ शासन) से अनुमति प्राप्त।
- उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से अनुमति प्राप्त।

BCA | PGDCA | B.Ed. (COLLEGE CODE 119328)
DCA | B.Com computer | D.PHARMACY

प्रवेश छ.ग.शासन द्वारा आयोजित काउंसलिंग से

- लिटिल स्कालर्स स्कूल, भाटापारा
- लिटिल स्कालर्स स्कूल, मारो
- श्यामा ड्रीम स्कूल निःशुल्क शिक्षा

कमलाकांत शुक्ला प्रा.आई.टी.आई
इलेक्ट्रिशियन (2 वर्षीय पाठ्यक्रम योग्यता : 10वीं उत्तीर्ण)
कोपा (COPA) (1 वर्षीय पाठ्यक्रम योग्यता : 10वीं उत्तीर्ण)

उपलब्ध सुविधाएं
- आधुनिक उपकरणों से सुज्जित वर्कशॉप।
- इंटरनेट से युक्त कम्प्यूटर लेब एवं ई-लाईब्रेरी।
- अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण।
- मोटर रिवाईंडिंग प्रशिक्षण।

देवरी रोड, भाटापारा
मो. 74890-95008, 89624-07381

भाटापारा क्षेत्रवासियों को
राईस मिल एसोसिएशन, भाटापारा
की ओर से
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

गोपाल अग्रवाल
अध्यक्ष, राईस मिल एसोसिएशन भाटापारा

अरूण चांडक (संरक्षक), रूपचंद थारानी (संरक्षक), प्रेमचंद भुषाणिया (संरक्षक), अश्वनी शर्मा (संरक्षक), नरेन्द्र भुषाणिया (संरक्षक)
सूरज थारानी, सचिव, राईस मिल एसोसिएशन

देवेन्द्र भृगु, अजय शर्मा, अरूण मुंधड़ा, मुकेश थारानी, शरद भृगु, गुरमुख गंगवानी, गुरमुख भिरानी, अशोक अग्रवाल, संदीप भुषाणिया, नंदकिशोर अग्रवाल
राहुल शर्मा, वरूण भुषाणिया, आदर्श अग्रवाल, पंकज भृगु, अभिनव अग्रवाल, मयूर शर्मा, चेतन भानुशाली, शिव शर्मा, पूरन जोतवानी, हर्ष गोईंदानी, श्याम सचदेव, वेदांत अग्रवाल, सुरेश जोगी, श्री लक्ष्मी एग्रो हतबंध

पोहा, मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा की ओर से...
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

रंजीत दावानी
अध्यक्ष- पोहा मिल संघ भाटापारा

प्रहलाद मंधानी (संरक्षक), निर्मल दावानी (संरक्षक), नंदलाल हबलानी (संरक्षक), अनिल रोचलानी (संरक्षक), कमलेश कुकरेजा, राजेश थारानी
नारायण थदवानी, परसराम मंधानी, प्रेम गोविंदानी, लक्ष्मण थारानी, ज्ञानसिंग सबलानी, अशोक थारानी

सम्माननीय सदस्यगण

विनीत : पोहा, मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति, भाटापारा

श्री अनिल रोचलानी जी (वरिष्ठ सदस्य), श्री कैलाश बालानी जी (वरिष्ठ सदस्य), श्री रूपेश माखीजा जी (वरिष्ठ सदस्य), श्री अशोक किंगरानी जी (वरिष्ठ सदस्य), श्री गोपी पारप्यानी जी (वरिष्ठ सदस्य), श्री प्रेम थौरानी जी (वरिष्ठ सदस्य)

दालमिल एसोसिएशन भाटापारा
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं गुरूनानक जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री नरेश आर्य जी
अध्यक्ष-दाल मिल एसोसिएशन भाटापारा

संबंधों की चौखट पर एक दिया हमारी तरफ से भी...

विनीत - दाल मिल एसोसिएशन परिवार भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

संकलनकर्ता-श्यामसुंदर पुरोहित, संवाददाता-भाटापारा, मोबाईल-97556-85116










संकलनकर्ता-अजय केला, संवाददाता-कुरूद, मोबाईल-94790-06138

# जंगली जानवरों का शिकार करते हुए 5 शिकारी पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार वनमंडल के वन अमलों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्ती की जा रही है। इसी दौरान दिनांक 9 नवम्बर 2024 को रात्रि लगभग 09:00 बजे, परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत वन क्षेत्र में गश्ती के दौरान परिक्षेत्र अर्जुनी रात्रि गश्ती टीम द्वारा कुछ लोगों को जंगल की तरफ गांजरडीह बीट में जाते हुए देखा गया। गश्ती टीम द्वारा उनका पीछा किया गया और जंगल में छिपकर उनको पकड़ने के लिए घात लगाकर बैठे रहे। सुबह तड़के करीब 4 बजे शिकार के 5 आरोपियों को वन विभाग द्वारा धर दबोचा गया। जिसमें मुख्य शिकारी कमल सिंह ग्राम गांजरडीह है, जो पूर्व में भी वन्यप्राणी के शिकार केस में जेल भेजा जा चुका है और जमानत में बाहर आकर पुनः शिकार की घटनाओं को अंजाम देता है, उक्त व्यक्ति आदतन शिकारी है एवं अन्य 4 आरोपी क्रमश कुंजराम विश्वकर्मा ग्राम करमेल, कुबेर सिंह भोई ग्राम करमेल, चैनूराम भोई ग्राम करमेल एवं युधिष्ठिर भोई ग्राम करमेल है। इनके पास से शिकार सामग्री करीब 6.7 कि.ग्रा.जी आई तार एवं स्ट्रेंग तार जप्त किया गया। जिसे जंगल में फैलाकर लकड़ी की खुंटी लगाकर 11000 वोल्ट के विद्युत खम्भे में कनेक्शन करके वन्यप्राणी के शिकार को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे। उपरोक्त गश्ती टीम में गोविंद राम निषाद वनरक्षक परिसर रगांजरडीह, सनद यादव, भानु प्रसाद कंवट,तुलाराम, मनोहर सुरक्षा श्रमिक शामिल थे। इसके साथ ही 2 दिन पूर्व ही वन विभाग की टीम द्वारा गांजरडीह एवं सराईपाली के आस-पास के गांव में बाघ एवं अन्य वन्यप्राणी विचरण के संबंध में मुनादी कराया गया था ग्रामीणों को समझाईस दी गयी थी कि वन क्षेत्र में न जावें। उसके बाद भी शिकारियों द्वारा वन्यप्राणी के शिकार करने का प्रयास किया गया। हालांकि वन विभाग की टीम ने शिकार होने के पूर्व ही शिकारियों को धर दबोचा। इसके पूर्व सोनाखान परिक्षेत्र के भुसड़ीपाली बीट में भी दो बंदूकधारी शिकारियों को उनके शिकार के पूर्व ही उन्हें पकड़ लिया गया था। उक्त शिकार में संलिप्त 5 शिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।उपरोक्त कार्रवाई में उप वनमंडलाधिकारी कसडोल हितेश कुमार ठाकुर,परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी अनिरूद्ध भोई,परिक्षेत्र सहायक सोनाखान योगेश कुमार साहू,वनपाल एवं परिक्षेत्र अर्जुनी के समस्त वन अमला शामिल थे।

# पापों से मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग गौसेवा : दीपक ठाकुर

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



गौमाता की सेवा सारे पापों से मुक्ति दिलाने और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करने का वैदिक समाधान है। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर, डाकेश्वर साहू, उमेश साहू डांगीमाचा गौशाला पूजन एवं महाप्रसादी कार्यक्रम मे पहुंचे। कार्यक्रम में गौमाता की पूजा आरती एवं भोग भंडारा में सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए और गौशाला के मनमोहक और पवित्र वातावरण का आनंद लिया और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। गौशाला में लगभग 450 गौमाता की प्रतिदिन सेवा गोदावरी दीदी और उनके सहयोगियों द्वारा की जा रही है और बीमार हुई गौमाता की बहुत अच्छी तरह देखभाल और सेवा की जा रही है। इतना अच्छा वातावरण देखकर मन बहुत भावुक हो रहा था। समाजसेवी दीपक ठाकुर ने गौसेवक वेदप्रकाश को गौशाला में सेवा करने के अवसर प्रदान करने के लिए आग्रह किया और उन्हें आश्वस्त किया जब भी उनकी आवश्यकता होगी वो उनके लिए सौभाग्य की बात होगी। गौमाता की सेवा का अर्थ 36 कोटि देवी देवताओं की सेवा के बराबर होता है और गौमाता के आशीर्वाद से ही समूची सृष्टि का संतुलन बना हुआ है। सनातन धर्म में गरुड़ पुराण में गौ सेवा के महत्व को बताया गया है और मोक्ष प्राप्ति का सबसे बड़ा मार्ग भी गौसेवा ही है।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आंवला नवमी का पर्व मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्वामी शिवानंद योग भवन में दिव्य जीवन संघ महासमुंद द्वारा आँवला नवमी के पर्व मनाया गया। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में पेड़- पौधों, नदी, तालाब व प्रकृति को पूजने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। आंवला नवमी का त्योहार धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति को सहेजने का संदेश देता है। आंवला नवमी का पर्व कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है जो कि इस वर्ष 10 नवंबर को मनाया गया। यह पर्व समूह में मनाया जाता है। जो कि पारिवारिक व सामाजिक एकता का संदेश देता है। आंवला नवमी का पर्व शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया गया है। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चन्द्राकर ने बताया कि इस दिन व्रत करने वाली महिलाएं आंवला पेड़ के नीचे एकत्रित होकर भोजन बनायें है ,और आंवला पेड़ के नीचे साफ -सफाई करके, चांवलआटे से चौक बनाकर गौरी- गणेश, कलश स्थापित कर फूल, गुलाल, नैवेद्य, चंदन बेलपत्र नारियल अर्पित कर पेड़ की पूजा किये हैं। ऐसा माना जाता है कि आंवला के पेड़ में शिवजी और विष्णु जी का वास होता है। पूजा करके 7 बार अथवा 108 बार पेड़ का परिक्रमा कर, पीले धागे से लपेटा जाता है। श्रृंगार की सभी सामग्री, अन्न, फल व दैनिक उपयोग की चीज चढ़ाया जाता है कि इस दिन दान करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। और माता लक्ष्मी-विष्णुजी और शिवजी की पूजा करने पश्चात महिलाएं मिलकर वही पेड़ के नीचे भोजन पकायीं है और भोजन किएं हैं। हिंदू पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि आंवला नवमी के दिन माता लक्ष्मी भ्रमण के लिए निकली थीं तब उन्हें शिवजी और विष्णु जी की पूजा करने का विचार मन में आया तब उन्होंने आंवला पेड़ का चुनाव किया और वह दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष का नवमी था। माता लक्ष्मीजी ने पूजा करने के उपरांत आंवला पेड़ के नीचे बैठकर भोजन ग्रहण की उसी दिन से आंवला नवमी का व्रत किया जाने लगा। वर्तमान समय में आंवला नवमी का व्रत ग्रामीण अंचल में किया जाता था, शहरी परिवेश में कम लोग ही करते थे। इस प्रकार यह व्रत पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती हैं। योग भवन के कार्यक्रम में विधायक राजू सिन्हा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चन्द्राकर नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग भी शामिल हुए।

# स्टार्टअप के अवसर पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद की राष्ट्रीय सेवा योजना योजना इकाई 01 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में जारी है। शनिवार को दूसरे सत्र में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जो स्टार्टअप के अवसर विषय पर केंद्रित रहा। परिचर्चा के आमंत्रित वक्ता च्यवन आयुर्वेद कंपनी छत्तीसगढ़ के सीईओ देवकर साहेब एवं युवा उद्यमी तथा माया जीवन फाउंडेशन के संस्थापक देवा साहू थे। देवकर साहेब नें अपने वक्तव्य में कहा कि जापान की जनसंख्या 12 करोड़ की है और उनकी इकोनामी 5 ट्रिलियन है तो वहीं अमेरिका की जनसंख्या 32 करोड़ और वहां की इकोनॉमी 29 ट्रिलियन हो गई है। अमेरिका के एक कंपनी की वैल्यू 3 ट्रिलियन है। हमारे देश की जनसंख्या आज डेढ़ सौ करोड़ हो गई है और हमारी इकोनॉमी मात्र 3.5 ट्रिलियन है इसलिए हमारे देश को स्टार्टअप की बहुत ही आवश्यकता है। किसी बिजनेस की शुरुआत करना ही स्टार्टअप है। कई लोग अपने आप को कमजोर मान लेते हैं लेकिन ऐसा नहीं है एक गांव के युवा में इतनी क्षमता होती है कि वह देश की इकोनॉमी को आगे लेकर जा सकता है। हमें अपने आप को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। यदि हम मन से सोचेंगे और चाहेंगे तो अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आजकल के युवा में धैर्य की कमी है उन्होंने कबीर की एक छोटे से दोहे धीरे-धीरे रे मना....के माध्यम से कहा यदि आप जीवन में कुछ बड़ा करना चाहते है तो आपको मन से चाहना होगा और उस पर आपको धैर्य के साथ संघर्ष करना पड़ेगा। समय सबसे कीमती चीज है यदि समय एक बार चला गया तो वह दोबारा नहीं आता है इसलिये इस समय को बचाओ और सही दिशा में लगाओ। आगे उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियां देश को लूट रही है और हम उनके द्वारा निर्मित डिजिटल मीडिया के गुलाम होतें जा रहें है। इसलिए हमारे देश को स्टार्टअप की नितांत आवश्यकता है। देवा साहू फाउंडर माया एजुकेशन सोसायटी ने अपनें स्टार्टअप बिल्ड फैक्टरी का उदाहरण देतें हुए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया स उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता लेकिन आप उस काम को कितने स्मार्ट तरीके से करते हैं यह मायने रखता है। आपकी पढ़ाई के परसेंट आपके जीवन के लिए बिल्कुल भी मायने नहीं रखता है सिर्फ आपका टैलेंट ही आपको आगे लेकर जाता है। किसी काम को करने के लिए, प्रबल एवं सकारात्मक प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन रासेयो इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने किया एवं आमंत्रित वक्ताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सादर विदाई दी गई।

# भाजपा नेता पवन साहू टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होकर किए प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

तहसील लवन के ग्राम बम्हनपुरी मे विगत दिनों टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था, जिसमे 32 टीमों ने भाग लिया बम्हनपुरी और लाहोद के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमे लाहोद की टीम विजयी रही और उप विजेता बम्हनपुरी की टीम रही और जिसमे प्रथम पुरस्कार 15000 रु. पवन साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार द्वारा द्वितीय पुरस्कार 7000 हिस्साराम पैकरा सरपंच ग्राम पंचायत बम्हनपुरी व तृतीय पुरस्कार 3500 आयोजक द्वारा और साथ ही बहुत सारे आकर्षक पुरूस्कार भी रखे गये थे कार्यक्रम में पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू हिस्साराम पैकरा (सरपंच) (ग्राम पंचायत बम्हनपुरी सुनील कुमार टोन्डरे सहसोशल मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा मोर्चा मण्डल के अलावा लोकेन्द्र पटेल, नागेश पटेल दिलकुमार, मुकेश, करन, जितेन्द्र, भगत, हिमांशु, ईश्वर, राकेश, मन्नु, इन्द्रकुमार, सोनु, प्रहलाद, संजु, सरोज, राजकुमार, सोनउ, पिंटु, सतीश, दिनेश, खिलावन, सुर्मेद, संतोष (शिक्षक) एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सहायक ग्रेड 3 आशुतोष प्रधान लवन को तहसीलदार लवन ने जारी किये कारण बताओ नोटिस

**लवन।** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन का मामला सामने आया है जहां तहसीलदार लवन ने सहायक ग्रेड03 के कार्यो में लापरवाही अनुशासन हीनता एवं बिना बताए अवकाश लेने पर कार्यालय के सहायक ग्रेड03 आशुतोष प्रधान को तहसीलदार लवन किशोर वर्मा ने नोटिस जारी कर 03 दिवस में जवाब देने को कहा गया है नोटिस 6 नवम्बर को जारी हुआ है नोटिस जारी हुए आज 5 दिवस बीत गया है लेकिन अभी तक सहायक ग्रेड 03 के द्वारा तहसीलदार को संतुष्टि जनक रिपोर्ट नहीं भेजना नहीं ड्यूटी पर उपस्थित होना कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही का प्रथम दृष्टया मामले दिखाई दे रहा है। अब नोटिस के बाद जवाब नहीं आने पर तहसीलदार लवन एवं जिला कलेक्टर बलौदाबाजार क्या एक्शन लेंगे देखने वाली बात होगी।इस मामले पर संवेदनशील जनहितैषी तहसीलदार किशोर वर्मा ने पत्रकार कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष गोलू कैवर्त को जानकारी में बताया कि नोटिस दिये थे लेकिन जवाब नहीं भेजा है उच्च अधिकारी को अग्रिम कार्रवाई के पत्र प्रेषित करने की बात भी कहा।

# खड़ी ट्रकों के पहिए व बैटरी, जैक चोरी करने वाले गिरोह के 2 फरार आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा 29.09.2024 को साइबर सेल की टेक्निकल टीम एवं भाटापारा शहर में लगे सिटी सर्विलांस सिस्टम की मदद से रोड किनारे खड़े ट्रकों के पहिए, जैक, बैटरी आदि चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 02 अपचारी बालक सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कुल 7,95,000 कीमत मूल्य का ट्रकों का पहिया, बैटरी, जैक आदि बरामद किया गया था। सांथ ही आरोपियों से चोरी करने में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार भी जप्त किया गया था। संपूर्ण घटनाक्रम में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में दर्ज अपराध क्र. 668/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस, 02. अपराध क्र. 669/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 03. अपराध क्र. 682/2024 धारा 303(2),3(5) बीएनएस की विवेचना एवं जांच क्रम में, आरोपियों से मनोवैज्ञानिक एवं विस्तृत पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में शामिल 02 आरोपी प्रकाश टोंडे एवं दीपक टोंडे को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रोड किनारे खड़े ट्रकों से टायर, बैटरी, जैक आदि चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में शामिल दोनों आरोपियों को 8 नवंबर को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी प्रकाश तोंडे उम्र 19 वर्ष निवासी इमलीपारा पोस्ट घूमा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर,दीपक टोंडे उम्र 25 वर्ष निवासी इमलीपारा पोस्ट घूमा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर शामिल है।

# सेंट जेवियर्स में डैडीज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बच्चों की शिक्षा में पालकों की सहभागिता एवं उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु संस्था के चेयरमैन डॉ ए.एफ पिंटो एवं मैनेजिंग डॉयरेक्टर डॉ ग्रेस पिंटो के निर्देशन में स्कूल में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पापा लोगों ने बढ़-चढ़करहिस्सा लिया। इसमें दो टीम 'ए' और 'बी' बनी। टीम 'ए' के कप्तान उमेश सिन्हा और टीम 'बी' के कप्तान भागवत खांडेकर थे। क्रिकेट मैच 10-10 ओवर का हुआ जिसमें टीम 'ए' के कप्तान ने पहले बैटिंग करने का फैसला लिया और कुल 63 रन बनाया। टीम 'बी' के खिलाड़ियों ने 6 विकेट के नुकसान पर कुल 64 रन बनाए। इस प्रकार टीम 'ए' 1 रन से विजयी हुई। क्रिकेट प्रतियोगिता अत्यंत रोमांचक थी। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने इस खेल का आनंद जमकर उठाया। सभी छात्र-छात्राएं अपने प्रिय खिलाड़ियों के प्रोत्साहन में तालियां बजाते हुए नजर आए। बच्चों में काफी उत्साह और प्रसन्नता देखी गई। इस प्रतियोगिता के मैन ऑफद मैच भागवत खांडेकर हुए। जिन खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनके नाम इस प्रकार हैं- विनोद होतवानी, देवा नाडार,डॉक्टर भूपेंद्र सोनी, किशोर राजवानी, संदीप राहंगडाले, प्रवीण टिकेरिहा, प्रिंस चंद्राकर,करण कुमार विश्वकर्मा, बाला वेंकट राव, गोपाल प्रसाद, अनिल भारद्वाज, जागेंद्र साहू, उमेश सिंह, रेवेंद्र कश्यप, ईश्वर लाल देशमुख, रंजीत सिंह, भागवत खांडेकर, गोविंद साहू, नकुल शर्मा, एकांत वाही, संदीप गोनाडे। प्रतियोगिता के अंत में क्रिकेट ट्रॉफी देते हुए संस्था की प्राचार्या सुश्री मृणालिनी सिंह ने सभी पापा खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# गांव में विकास होगा तभी पंचायती राज सार्थक होगा :कविता योगेश बाबर



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

विकास के नये नये आयाम गढ़ रहा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 के तहत ग्राम झिरिया में 3 लाख की लागत से ग्राम के मुख्य मार्ग में भव्य प्रवेश द्वार की माँग ग्रामवासियो द्वारा सभापति कविता बाबर से की थी जिस पर तत्काल बाबर द्वारा उनकी माँग को स्वीकृति प्रदान की गई व कार्य का भूमिपूजन किया गया। अपने उद्बोधन में बाबर ने कहा कि किसी भी कार्य का ग्राम में भूमिपूजन होना यह बतलाता है कि यह ग्राम विकास की एक और कड़ी से जुड़कर प्रगति के रास्ते पर चल पड़ा है। आप लोगो की माँग पूरी होने से एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमे भी आत्म संतुष्टि का बोध होता है। उन्होंने कहा आप सभी जन मानस के प्यार और आशीर्वाद से ही मैं पद पर आसीन हूँ व आप लोगो की सेवा करने का अवसर मिल रहा है तो भविष्य में भी सदा आप लोगो की सेवा एक नई ऊर्जा के साथ करती रहूँगी। ग्रामवासियो ने उनकी माँग पूरी होने पर बाबर के प्रति आभार व्यक्त करते हुवे धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर सरपंच मनराखन ध्रुव रितु यादव पंच अर्जुन ओझा भक्त प्रहलाद पंच प्यारी राम ध्रुव, मोहन यादव, अनिल कुमार पंच व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आंवला नवमी भारतीय संस्कृति का अनूठा पर्व

# लेडीज क्लब धमतरी में आंवला नवमी पूजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्षानुसार लेडीज क्लब धमतरी के तत्वावधान में स्थानीय रामदेव मंदिर प्रांगण में आंवला नवमी के पावन अवसर पर पूजन, प्रसादी वितरण तथा मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर की पुजारीन पांडे ने पूजा करवाई तथा लीला शर्मा ने आंवला नवमी के महत्व को समझाते हुए कथा वाचन किया। आयोजन में उषा गुप्ता ने आंवला नवमी के पर्व को भारतीय संस्कृति का अनूठा पर्व बताया तथा श्रद्धा कश्यप ने प्रकृति में आंवला वृक्ष के महत्व को न केवल धार्मिक बल्कि औषधि, आरोग्यवर्धक बताते हुए बहुउपयोगी बताया। कामिनी कौशिक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लेडीज क्लब सदैव से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए आंवला वृक्ष पूजन के आध्यात्मिक, पौराणिक और वैज्ञानिक उपयोगिता का विस्तार से वर्णन किया। ज्योति गुप्ता ने आंवला नवमी के पूजन की अवधारणा के संदर्भ में बताते हुए कहा कि आज के दिन आंवला नवमी आंवला वृक्ष का पूजन कर हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हैं। इस अवसर पर माधवी शर्मा, लीला शर्मा, काजल सिंहा, साधना साहू, हरजीत कौर अजमानी, देविका साहू, गायत्री साहू, पूनम सिंह, चंदा शर्मा ने आंवला नवमी से संबंधित सुविचार व्यक्त किये। तत्पश्चात सभी ने अपने अपने घर से लाए हुए व्यंजनों को प्रसादी के रूप में ग्रहण किया। इस आयोजन में कामिनी कौशिक का विशिष्ट सम्मान किया गया। विगत दिनों संपन्न हुए सोलह सिंगार प्रतियोगिता के प्रतिभागियों काजल सिंहा, गायत्री साहू, माधवी शर्मा, श्रद्धा कश्यप को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। मनोरंजक गेम्स में प्रथम ओम कश्यप, द्वितीय श्रद्धा कश्यप, तृतीय हरजीत कौर अजमानी रहे जिन्हें क्लब की ओर से पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में ज्योति गुप्ता, खुशी चंद्राकर, मीना, प्रियंका पांडे, भावना, प्यारे प्यारे नन्हे मुन्ने, नगर के अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन उषा गुप्ता तथा आभार अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने किया।

# सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा नयापारा में खड़खड़िया जुआ खिलाने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 10 नवंबर को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम नयापारा में पानी टंकी के नीचे में रूपये पैसों की हार जीत का दांव लगाकर खड़खड़िया जुआ खेलाने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से खड़खड़िया गोटी, परदा (पाली) एवं नगदी 1760 जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 04 क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम की धारा 06,07 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरपालिका नारायणपुर के कर्मचारी करेंगे हड़ताल

## आज से 14 नवंबर तक साफ-सफाई एवं पेयजल आपूर्ति होगी प्रभावित

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले फिर से अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के कर्मचारी दिनांक 12 नवंबर 2024 से 14 नवंबर 2024 तक नेहरू चौक विकास भवन बिलासपुर में तीन दिवस हड़ताल पर रहेंगे। कर्मचारियों की 6 सूत्रीय मांगें अभी भी लंबित है जो इस प्रकार है 1.नगरीय निकाय में 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित हो। 2. नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जाए। 3. नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जावे। 4. नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारो के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही प्रदान किया जावे। 5. नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र ही पदोन्नति किया जावे। 6. छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जावे। इस संबंध में अरुण साव विभागीय मंत्री के द्वारा 26 एवम 27 सितंबर को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में 1 तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी नगरीय निकायो में आज की स्थिति में 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है। ज्ञात हो की समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की घोषणा की है जिसका आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव पर असर होगा। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नारायणपुर के जिला अध्यक्ष हिमांशु कावड़े, उपाध्यक्ष निताई सरकार एवं सचिव रामचंद्र यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका नारायणपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कोर्राम को तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय हड़ताल में शामिल होने हेतु 12 नवंबर से 14 नवंबर तक संघ के सभी सदस्यों के अवकाश पर रहने की सूचना दी । इस अवसर पर बसंत कुंजाम, भूषण देशमुख, अजय रॉय, भक्त प्रह्लाद, विमला पात्र, मंजु बघेल,पप्पी भारती आदि उपस्थित थे। नगर पालिका नारायणपुर के कर्मचारियों के तीन दिवसीय हड़ताल पर चले जाने पर मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी एवं सफाई व्यवस्था के प्रभावित होने से नारायणपुर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

## निर्माण कार्य और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों को देखा। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल परिसर में बन रहे शेड निर्माण कार्य को देखा और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर में स्थित जन औषधि केंद्र और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टोर में उपस्थित कर्मचारियों से दवाई की बिक्री के आँकड़े भी प्राप्त किए और फिजियोथेरेपी विभाग से सेवाओं की जानकारी लेते हुए प्रतिदिन की रोगियों की संख्या की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि, लोगों को सिटी स्कैन के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अस्पताल में उचित सुविधा प्रदान करने की दिशा में कदम उठाए जाएं। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए बने ट्रांजिट होस्टल का भी निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने कर्मचारियों के परिवारों से बात की और हॉस्टल के आसपास साफ-सफाई पर ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर दुदावत ने जनरल वार्ड में मरीजों से भी बातचीत की और उनका हाल-चाल पूछा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी देखभाल के प्रति पूरी सतर्कता बरती जाए।

# केंद्रीय विद्यालय किरंदुल की छात्रा अनुश्री कृष्णा साकुरा कार्यक्रम 2024 में जापान के लिए रवाना

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार ने भारत वर्ष से 47 उत्साही स्कूली बच्चों के एक समूह को साकुरा साइंस हाइ स्कूल प्रोग्राम 2024 के अंतर्गत जापान यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाईमइस समूह में केंद्रीय विद्यालय किरंदुल की कक्षा बारहवीं की छात्रा अनुश्री कृष्णा पुत्री मीनाक्षी चक्रवर्ती एवं रामकृष्ण कुंभकर संयुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएमडीसी किरंदुल छत्तीसगढ़ राज्य से एक मात्र चयनित प्रतिभागी ने संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य एवं किरंदुल का मान बढ़ाया हैं।

इस समूह में जापान साइंस एंड



टेक्नोलॉजी एजेंसी (जेएसटी) ने 47 स्कूली छात्रों और 4 पर्यवेक्षकों को आमंत्रित किया है।ये 47 छात्र (18 लड़के और 29 लड़कियां) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और तेलंगाना,झारखंड, सिक्किम, चंडीगढ़, केरल, मणिपुर, मेघालय, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों और केंद्रीय विद्यालयों से हैं। युवा शिक्षार्थियों के बीच बौद्धिक क्षितिज और वैज्ञानिक अन्वेषण विकसित करने के लिए,जेएसटी 2014 से विज्ञान में जापान-एशिया युवा विनिमय कार्यक्रम÷ को लागू कर रहा है, जिसे साकुरा विज्ञान कार्यक्रम के रूप में भी जाना जाता है। भारत को 2015 में सकुरा कार्यक्रम में जोड़ा गया था। कार्यक्रम के तहत छात्रों को जापान की अल्पकालिक यात्राओं के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिससे उन्हें जापान के अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ इसकी संस्कृति को अनुभव करने का अवसर मिलता है।इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बलजिंद्र सिंह एवं समस्त शिक्षकों ने अनुश्री एवं उनके अभिभावक को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# हल्लूर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गांव के 67 लोग स्वास्थ्य शिविर में हुए लाभान्वित

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के नेतृत्व में भैरमगढ़ ब्लॉक के अत्यंत सुदूर गांव हल्लूर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ बीआर पुजारी स्वयं मौजूद थे और इस शिविर के माध्यम से 67 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिला। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा संक्रामक रोगो से बचाव सहित स्वास्थ्य संबंधी सुझाव एवं परामर्श दी गई वहीं मलेरिया के प्रकोप से बचने निशुल्क मच्छरदानी का वितरण कर नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की समझाइश भी दी गई।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय कर्मचारी आज से हड़ताल में

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले फिर से अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनांक 12 नवंबर 2024 से 14 नवंबर 2024 तक नेहरू चौक विकास भवन बिलासपुर में तीन दिवस हड़ताल पर रहेंगे उक्त 6 सूत्रीय मांगों में लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित हो,नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जाए,नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जावेज़नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारो के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही प्रदान किया जावे,नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र ही पदोन्नति किया जावे,छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जावे।इस संबंध में अरुण साहू विभागीय मंत्री के द्वारा 26 एवम 27 सितंबर समीक्षा बैठक में 1 तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी नगरीय निकायो में आज की स्थिति में 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है।ज्ञात हो की समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में



संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की घोषणा की है जिसकी शुरुवात आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव पर असर होगा। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया है कि विभागीय मंत्री के समीक्षा बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया था कि नगरी निकाय के कर्मचारियों का वेतन 1 तारीख को अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश था,इस संबंध में राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को 1 तारीख को वेतन भुगतान करने आदेश भी जारी किया गया है, किंतु खेद का विषय है कि निर्देश देने के बाद भी नगरी निकाय के कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी ने बताया दंतेवाड़ा जिले के बारसूर, गीदम, दंतेवाड़ा, बड़े बचेली, किरंदुल सभी निकाय के कर्मचारी इस हड़ताल में सम्मिलत होंगे और प्रतिनिधि बिलासपुर जाकर हड़ताल में सम्मिलित होंगे।नवयुक्त कर्मचारी कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी द्वारा सोमवार उक्त जानकारी दी गई।

# विधायक और कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने कनेरा रोड स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत भी उनके साथ उपस्थित रहे। यह स्टेडियम का निर्माण पिछले कई वर्षो से रुका हुआ है, जिसे अब नये सिरे से टेंडर जारी कर फिर से शुरू किया जाएगा। यह स्टेडियम सभी प्रकार के खेलों के लिए बनाया जाएगा, जिनमें क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल आदि प्रमुख होंगे। साथ ही, यहाँ रात्रिकालीन खेल भी आयोजित किए जा सकेंगे। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में अन्य न्यायाधीशों के साथ बैठक आयोजन कर 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में लोक अदालतों के कार्यप्रणाली नियम और प्रक्रियाओं पर चर्चा किया गया। जिसमें 5 से 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों को विशेष ध्यान देते हुए नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। तथा न्यायालयों में लंबित सिविल, दांडिक पारिवारिक, मोटर दुर्घटना चेक बाउंस, बीमा से संबंधित प्रकरणों को 14 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो कोंडागांव, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव, यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोंडागांव एवं गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उपस्थित रहें।

# लाख उत्पादन, लखपति दीदी और अमृत सरोवर योजना की कार्य प्रगति की सराहना

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह और मनरेगा आयुक्त रजत बंसल ने जिले में चल रहे विभागीय कार्यों और गतिविधियों का अवलोकन और निरीक्षण करने के उद्देश्य से शुक्रवार 08 नवंबर को विभिन्न ग्रामों व स्थलों का दौरा किया, साथ ही हितग्राहियों से बातचीत भी की। इसके अलावा बस्तर संभाग में राज्य शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के तहत अधिकारियों की बैठक लेकर अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारी द्वय शुक्रवार की सुबह सबसे पहले जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम कसावाही पहुंचे, जहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत निर्मित निजी डबरी का अवलोकन किया, साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं और लखपति दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम जैसाकर्रा और भानुप्रतापपुर के ग्राम परवी का दौरा किया, जहां समूह की महिलाओं के द्वारा लाख उत्पादन के बारे में भी बातचीत कर तत्संबंध में जानकारी ली। साथ ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब गहरीकरण और इसके पश्चात भूजल स्तर में हुई वृद्धि के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की।

## बाइक से किया अबूझमाड़ के पहुंचविहीन क्षेत्रों का सघन दौरा

# दूरदराज के क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे : निहारिका बारीक





पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना के आयुक्त रजत बंसल और उपायुक्त अशोक चौबे भी उपस्थित थे। उन्होंने ईरकभट्टी, मसपुर, सोनपुर, ढोंडरीबेड़ा में ग्रामीणों से मुलाकात की और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरे का उद्देश्य इन दूरदराज के क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं को समझना था। प्रमुख सचिव ने सबसे पहले ईरकभट्टी गांव के ग्रामीणों से संवाद कर पानी, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पुलिस कैंप बनने से सुरक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। सिंह ने उन्हें पंचायत भवन और खेल मैदान के निर्माण की योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इससे गांव के विकास में तेजी आएगी।

उन्होंने राशन कार्ड, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण प्रमाणपत्रों के निर्माण के लिए गांव में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए, ताकि हर ग्रामीण को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस भ्रमण में कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, के.के.कटारे ईएनसी, अरविन्द राही ईएनसी पीएमजीएसवाय, विनय गुप्ता, श्री राम सागर सीई ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नीतिन कौड़ो उप संचालक पंचायत,अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुरिया, एसडीम अभयजीत मण्डावी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, डीपीएम राजीव बघेल, तहसीलदार सौरभ कश्यप, चिराग रामटेके, गारपा के सरपंच जमुना नुरेटी, आरईएस के कार्यपालन अभियंता आर.एस.नेताम , पीएचई के कार्यपालन अभियंता एस.के. वर्मा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक चौधरी, पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा, क्रेडा के कार्यपालन अभियंता विजय ध्रुव, सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# वार्ड पार्षद गीतांजलि जायसवाल द्वारा छठ पूजा मे प्रसाद वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com



बिहार झारखंड का पारंपरिक महापर्व 'छठ' वार्ड क्रमांक 1 में स्थित समप्लेशनाला में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें वार्ड क्रमांक एक की भाजपा पार्षद गीतांजली जायसवाल जी द्वारा बिहार का पारंपरिक प्रसिद्ध पकवान ठेकुआ, फल केला सेव का वितरण किया गया बचेली वासियो को बधाई देते हुए गीतांजलि जेसवाल ने परम्परिक छठ पूजा के अवसर पर बताया यह पूजा बचेली मे वर्षो होती आ रही हैं कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि नहाय खाय से लेकर सप्तमी तिथि उगते सूर्य को अर्घ्य देने तक छठ पर्व मनाया जाता है। इस दौरान भगवान भास्कर और छठी मैया की पूजा अर्चना की जाती है। छठ पूजा खास तौर पर संतान की कामना और लंबी उम्र के लिए की जाती है। छठी मैया सूर्यदेव की बहन हैं और इस पर्व पर इन दोनों की ही पूजा अर्चना की जाती है। चार दिन तक चलने वाले इस पर्व में सात्विक भोजन किया जाता है। पहले दिन खरना, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन सूर्य संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उगले सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। महापर्व छठ को मनाए जाने के पीछे कई पारम्परिक कहानियां प्रचलित हैं।

## संपादकीय

# बलात्कार राजधानी शिकार हुई एक और युवती

**भारत** की बलात्कार राजधानी के रूप में दिल्ली की लगातार प्रतिष्ठा को उजागर करने वाली एक और भयावह घटना में, व्यस्त आईटीओ चौक के पास एक युवती के साथ तीन लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। 10 अक्टूबर, 2024 को, पीड़िता, जो ओडिशा के पुरी की एक सामुदायिक नेता और शोधकर्ता थी, पर हमला किया गया और फिर उसे सराय काले खां क्षेत्र के पास छोड़ दिया गया। एक विस्तृत और चुनौतीपूर्ण जांच में संदिग्धों को पकड़ने में दिल्ली पुलिस को तीन सप्ताह से अधिक का समय लगा। यह मामला, हालांकि कई मामलों में से एक है, महिलाओं की सुरक्षा के साथ दिल्ली की लगातार चुनौतियों पर गहन प्रकाश डालता है। व्यापक सार्वजनिक आक्रोश, देशव्यापी विरोध और यहां तक ??कि 2012 के निर्भया मामले से प्रेरित विधायी सुधारों के बावजूद, शहर महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक स्थानों में से एक बना हुआ है। निर्भया सामूहिक बलात्कार के बाद, न्याय के लिए जनता की मांग ने महत्वपूर्ण कानूनी सुधारों को जन्म दिया, जिसमें 2013 में आपराधिक कानून में संशोधन शामिल थे। इनमें यौन अपराधियों के लिए कठोर दंड और फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना शामिल थी। दिल्ली पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी, महिला गश्ती दल तैनात किए और




अतिरिक्त हेल्पलाइन स्थापित की। हालाँकि, इस तरह के मामले बताते हैं कि इन अपराधों को रोकने के लिए अकेले व्यवस्थागत बदलाव पर्याप्त साबित नहीं हुए हैं। हालांकि पुलिस की मौजूदगी बढ़ी है, लेकिन अक्सर सुनसान इलाकों में गश्त कम होती है जहां ऐसे कई अपराध होते हैं। यौन हिंसा के पीड़ितों के प्रति कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण और संवेदनशीलता में देरी और देरी जैसी चुनौतियां भी हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या कम करके आंका जाता है, खासकर उन मामलों में जहां पीड़ितों को आसान लक्ष्य माना जाता है। इस मामले में अपराधियों ने कथित तौर पर पीड़िता को यह मानकर निशाना बनाया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

कई पीड़िताएं गंभीर आघात का सामना करती हैं, जो हमले के विवरण को फिर से बताने या प्रभावी ढंग से कानूनी उपाय करने की उनकी क्षमता को प्रभावित करता है। हालांकि इस मामले में अधिकारियों ने पीड़िता का समर्थन करने के लिए असाधारण कदम उठाए, लेकिन ऐसे प्रयास अभी भी दुर्लभ हैं। पीड़ितों की सुरक्षा और भलाई के लिए सुलभ और व्यापक आघात-सूचित सहायता प्रणाली स्थापित करना महत्वपूर्ण है। इस भयावह घटना को उन उपायों की आलोचनात्मक जांच के लिए प्रेरित करना चाहिए जो दिल्ली की महिलाओं के लिए विफल रहे हैं। सुधारों को कानूनी ढांचों से आगे बढ़ाने और गहरे सामाजिक और प्रणालीगत बदलावों को शामिल करने की आवश्यकता है। निगरानी का विस्तार करके एकांत क्षेत्रों को कवर करना, वास्तविक समय की निगरानी शुरू करना प्रतिक्रिया समय को बढ़ा सकता है और संभावित अपराधियों को रोक सकता है। कानून प्रवर्तन को आघात-सूचित दृष्टिकोण, पीड़ित संवेदनशीलता और कठोर जांच प्रक्रियाओं में पर्याप्त प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। महिलाओं और यौन हिंसा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलना महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक अभियान और शैक्षिक कार्यक्रम जो रूढ़ियों को चुनौती देते हैं और सहानुभूति को बढ़ावा देते हैं, ऐसी संस्कृति को बदलने में मदद कर सकते हैं जो इस तरह की हिंसा को सक्षम बनाती है।

# एकीकृत विकसित राष्ट्र की ओर

'विकसित भारत' को प्राप्त करने के लिए धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने, पर्यावरण संबंधी खतरों को दूर करने और वैश्विक तनावों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी।



**जेएस राजपूत**
(लेखक, शिक्षा एवं सामाजिक सद्भाव हेतु कार्यरत हैं)



**भारत** 2047 का इंतजार कर रहा है क्योंकि वह विकसित देशों में से एक बनने की आकांक्षा रखता है, और जाहिर है, इसका मतलब है अपने प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए ईमानदारी से और सामूहिक रूप से प्रयास करना। उम्मीद है कि विकसित भारत में किसी को भी मुफ्त राशन की जरूरत नहीं होगी और वोट के लालच में बांटे जाने वाले मुफ्त सामान इतिहास बन जाएंगे। इससे पीने योग्य पानी, स्वच्छ हवा, सभी मौसम में सिर पर छत और 'काम न करने' की स्थिति से मुक्ति भी मिलेगी। भूख, खराब स्वास्थ्य और कुपोषण इतिहास बन जाएंगे! भारत में शिक्षा की एक ऐसी प्रणाली होगी जो लुटियंस जोन और झाबुआ गांव के बच्चों के लिए समान पहुंच और समान स्तर पर सफलता सुनिश्चित करेगी!

शिक्षा अब 'आवश्यक स्वप्नलोक' नहीं रहेगी! इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए सांप्रदायिक वैमनस्य और हर तरह के सामाजिक-सांस्कृतिक बहिष्कार से छुटकारा पाना ज़रूरी है। हम एक ऐसे राष्ट्र की उम्मीद करते हैं जो अब अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक चिंताओं से ग्रस्त न हो! भारत में सामाजिक सामंजस्य और धार्मिक सौहार्द - या सामाजिक और धार्मिक सामंजस्य और सौहार्द - के विभिन्न पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन करने के बाद, यह स्वीकार करने से कोई बच नहीं सकता कि यह सांप्रदायिक वक्रता की एक बहुत ही जटिल पहेली है जो इसे सुचारू करने के लिए विभिन्न नेक इरादों वाली पहलों के लिए प्रतिरोधी है।

ऐसे मानवीय मूल्य हैं जो हर धर्म में समान हैं, और ये किसी भी तरह से आस्था और धार्मिक प्रथाओं के तरीकों में हस्तक्षेप किए बिना भाईचारे को मजबूत करने का आधार बन सकते हैं। कट्टरवाद, आतंकवाद और कट्टरपंथ का वैश्विक उदय और इसके परिणामस्वरूप अविश्वास, उत्पीड़न और अलगाव का विस्तार निश्चित रूप से लोगों के लिए बेहतर जीवन के लिए अनुकूल नहीं है, चाहे उनके घरों में कितने भी गैजेट उपलब्ध हों। दुख की बात है कि सहस्राब्दी के अंत में यह बहुत स्पष्ट था कि आने वाले दिनों में नेतृत्व के लिए चीजें संभालना मुश्किल हो जाएगा, और मानव जाति का अस्तित्व ही दांव पर लग जाएगा। 21वीं सदी के तीसरे दशक में, मानवता और ग्रह पृथ्वी जलवायु परिवर्तन, मानव-प्रकृति संबंधों में तेज गिरावट और विभिन्न रूपों और स्वरूपों में लगातार बढ़ती हिंसा से उत्पन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन लोगों द्वारा शांति स्थापित करने के प्रयासों की निरर्थकता जिनके आर्थिक हितों के लिए घातक हथियारों के अधिक उत्पादन और उनकी बिक्री और खपत की आवश्यकता होती है, अब कोई छिपा हुआ रहस्य नहीं है।

इस सब से पैदा होने वाले तनाव, उथल-पुथल और चिंता अब हर जगह अनुभव की जा रही है, खासकर पश्चिम में, जिसने शरणार्थियों और घुसपैठियों को खुले हाथों से स्वीकार किया, उनमें से कई अब अपनी पिछली नीतियों पर पछता रहे हैं! अविश्वास और आशंका का बढ़ना छिटपुट हिंसा से कहीं अधिक खतरनाक है, जिसके उदाहरण यूरोपीय देशों में बढ़ रहे हैं। ये उदाहरण आज के युवाओं और कल सत्ता संभालने वालों के सामने की दुनिया के कुछ संकेत देते हैं!

भारत एक प्रमुख एशियाई राष्ट्र है जो अवैध प्रवासियों की भारी आमद से पीड़ित है, और उनमें से अधिकांश को कई राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है। यह स्पष्ट है कि यह समर्थन विशुद्ध रूप से सांप्रदायिक विचारों पर आधारित है, और

> ऐसे मानवीय मूल्य हैं जो हर धर्म में समान हैं, और ये किसी भी तरह से आस्था और धार्मिक प्रथाओं के तरीकों में हस्तक्षेप किए बिना भाईचारे को मजबूत करने का आधार बन सकते हैं। कट्टरवाद, आतंकवाद और कट्टरपंथ का वैश्विक उदय और इसके परिणामस्वरूप अविश्वास, उत्पीड़न और अलगाव का विस्तार निश्चित रूप से लोगों के लिए बेहतर जीवन के लिए अनुकूल नहीं है, चाहे उनके घरों में कितने भी गैजेट उपलब्ध हों।

निश्चित रूप से राष्ट्रीय हित में नहीं है। यह उन नाजुक रिश्तों को और बढ़ाता है जो हमेशा से मौजूद रहे हैं, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और भी बढ़ गए और भारत के विभाजन का कारण बने, सामाजिक सामंजस्य और धार्मिक सौहार्द प्राप्त करने की संभावना मायावी बनी रही। दो-राष्ट्र सिद्धांत को सर सैयद अहमद खान द्वारा मार्च 1888 में दिए गए अपने मेरठ भाषण में अक्सर उद्धृत किए जाने वाले भाषण में विस्तृत किया गया था, जो अंग्रेजों के जाने के बाद उभरने वाले परिदृश्य के बारे में उनका दृष्टिकोण था: क्या यह संभव है कि इन परिस्थितियों में दो राष्ट्र - मुसलमान और हिंदू - एक ही सिंहासन पर बैठ सकें और सत्ता में बराबर रह सकें?

निश्चित रूप से नहीं। सर सैयद मुस्लिम समुदाय के सबसे सम्मानित और प्रशंसित नेताओं में से एक थे जिन्होंने उनके लिए आधुनिक शिक्षा के द्वार खोले थे, और इसलिए, प्रबुद्ध मुस्लिम युवा उन्हें बहुत पसंद करते थे। उपरोक्त बातों का सार मुस्लिम समुदाय की प्रचलित भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, और इन्हें दूसरों द्वारा, विशेष रूप से उन लोगों द्वारा, जो आधुनिक शिक्षा पर सर सैयद के विचारों का विरोध करते थे, कायम रखा गया। हालांकि, उन्होंने दो राष्ट्रों के विचार को अपनाया!

इसके बाद, उसी व्याख्यान में, सर सैयद ने अपने विचारों को और विस्तृत किया: प्रतिनिधि सरकार का सिद्धांत यह है कि 'यह एक राष्ट्र द्वारा सरकार है, और यह कि संबंधित राष्ट्र अपने लोगों और अपनी भूमि पर शासन करता है।' यह इतना सरल है- हिंदुओं और मुसलमानों द्वारा एक साथ चुनी गई किसी भी प्रतिनिधि सरकार के भारत पर शासन करने की कोई संभावना नहीं हो सकती है, जिसमें न केवल हिंदुओं और मुसलमानों के राष्ट्र शामिल हों, बल्कि अन्य राष्ट्र भी हों, जिन्हें अपने स्वयं के राष्ट्र बनाने चाहिए। भारतीय लोकतंत्र यह स्थापित करता है कि सांप्रदायिक सद्भाव संभव है, और दोनों समुदाय एक साथ काम करने के लिए समान रूप से प्रबुद्ध हैं।

सर सैयद आधुनिक शिक्षा पर अपने भविष्यदर्शी दृष्टिकोण और मुसलमानों के उत्थान के लिए इसकी सख्त जरूरत के लिए प्रशंसा के हकदार हैं और उन्हें प्रशंसा भी मिलती है, लेकिन यह निश्चित रूप से गंभीर बहस का विषय बना रहेगा कि क्या दो राष्ट्रों की उनकी परिभाषा ने समुदाय की मानसिकता पर कोई स्थायी प्रभाव डाला जो आज भी कायम है।

दो-राष्ट्र सिद्धांत का सिद्धांत अंततः बांग्लादेश के गठन और यूरोप में उभरते बहु-धार्मिक समाजों के साथ दफन हो गया। यदि कोई एक राष्ट्र है जो धार्मिक एकता का एक कार्यात्मक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है तो वह भारत, भारत के हिंदू और मुसलमान हैं। कहीं और, सभी धर्मों की समानता विचार और कर्म में इतनी गहरी जड़ें नहीं रखती जितनी प्राचीन भारतीय संस्कृति में है। इसे वंशानुगत संवादात्मक परंपरा द्वारा पुनर्जीवित किया जा सकता है जो ऐतिहासिक रूप से उत्कृष्ट रही है।

# ट्रंप का दूसरा कार्यकाल और भारत

> "राष्ट्रपति-चुने हुए ट्रंप को एक कठोर वार्ताकार के रूप में जाना जाता है, खासकर व्यापार के मुद्दों पर और उन्होंने भारत को इस मोर्चे पर सबसे बड़े अपराधियों में से एक के रूप में वर्णित किया है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**जैसी** कि कहावत है, तीसरी बार जीतना आसान होता है और हम प्रधानमंत्री मोदी के लगातार तीन कार्यकालों के लिए सत्ता में वापस आने की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनके करीबी दोस्त, अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात कर रहे हैं। कई गोलियों (काफी हद तक शाब्दिक रूप से), महाभियोग और गुंडागर्दी के आरोपों को सफलतापूर्वक चकमा देने के बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था संयुक्त राज्य अमेरिका की सामूहिक पसंद पर विजय प्राप्त की।

जबकि भारत सहित दुनिया भर के दक्षिणपंथियों ने उनकी जीत का जश्न मनाया, इसे दक्षिणपंथ की वास्तविक जीत के रूप में और जिसे उन्होंने तथाकथित वामपंथी उदारवादियों के अत्याचार के रूप में देखा, राष्ट्रपति ट्रंप 2.0 उनके पहले संस्करण की तुलना में अधिक सूक्ष्म होने की संभावना है। भारत के लिए इसका मतलब चॉकलेट का एक मिश्रित बॉक्स है जो चुनने के आधार पर कड़वा या बेहद मीठा हो सकता है।

राष्ट्रपति-चुने हुए ट्रंप को एक कठोर वार्ताकार के रूप में जाना जाता है, खासकर व्यापार के मुद्दों पर और उन्होंने भारत को इस मोर्चे पर सबसे बड़े अपराधियों में से एक के रूप में वर्णित किया है। वह दशकों के अनुभव वाले व्यवसायी हैं और व्यापार के प्रति उनका दृष्टिकोण लेन-देन वाला है, जो पश्चिमी क्षेत्रों के भारतीय राजनेताओं के लिए कोई नई बात नहीं है।

ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही भारत-अमेरिका द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंधों में जबरदस्त वृद्धि हुई है, साथ ही केंद्र में एक दशक से अधिक समय से व्यापार-उन्मुख भारतीय सरकार ने भारत में नौकरशाही वर्ग से कई कठिन वार्ताकारों को उभरने के लिए प्रशिक्षण का मैदान भी बनाया है। इसलिए, जबकि सरकार के अधिकारी व्यापार से संबंधित मामलों या आयात शुल्क या प्रतिबंधों पर अमेरिका के साथ आगे की कठिन वार्ताओं से अवगत हैं, वे राष्ट्रपति की कार्यशैली से परिचित होने के कारण बीच का रास्ता निकालने की उम्मीद कर रहे हैं। कमरे में मौजूद ड्रैगन चालाक होगा, क्योंकि राष्ट्रपति-चुनाव ट्रंप ने चुनावों से पहले चीन से आयात पर कठोर शुल्क लगाने की कसम खाई है। यह भारत के लिए अच्छी खबर हो सकती है, खासकर तब जब वर्तमान सरकार का ध्यान भारत को कम से कम इस क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर का विनिर्माण केंद्र बनाने पर है।



विनिर्माण क्षेत्र में आगे बढ़ रहे भारतीय नौकरशाह इस बात से गहराई से वाकिफ हैं कि भारत को एक हब के रूप में विकसित करना एक दीर्घकालिक खेल है जो डीसी और दिल्ली में मौजूदा शासन से भी आगे निकल सकता है। वे इस बात से भी अच्छी तरह वाकिफ हैं कि चीन प्लस वन मॉडल में बड़ी अमेरिकी कंपनियों द्वारा भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने की अनुमति देने से ट्रम्प को लाभ होगा। वह भारत पर अमेरिका से शायद अधिक हाइड्रोकार्बन या रक्षा तकनीक खरीदने का दबाव बनाकर इस कार्ड पर बातचीत कर सकते हैं। जबकि ट्रम्प 1.0 के तहत भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों का मुख्य केंद्रबिंदु प्रौद्योगिकी साझेदारी नहीं थी, उनके उत्तराधिकारी जो बिडेन ने साझेदारी के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर सहयोग के साथ एक शानदार शीर्ष बनाया। आईसीईटी (महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए पहल) जैसी पहल, जिनकी सीधे दोनों देशों के प्रमुखों द्वारा निगरानी की जाती है, ने दोनों लोकतंत्रों के बीच तकनीकी साझेदारी को एक अटूट पवित्रता प्रदान की है।

राष्ट्रपति ट्रम्प या तो अमेरिकी तकनीक को भारत के अगले वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनने के घोषित लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, जबकि इसे सौदेबाजी की चिप के रूप में रख सकते हैं, या, वे इनमें से कुछ कंपनियों को अपने कुछ कारखानों को घरेलू तटों पर वापस लाने के लिए राजी करने के लिए एक रचनात्मक समाधान खोज सकते हैं। बाद की संभावना असंभव लगती है क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प पारंपरिक रूप से पुराने विनिर्माण क्षेत्रों में अमेरिकियों के लिए अधिक नौकरियों के सृजन के बड़े समर्थक रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प की अधिकांश प्रौद्योगिकी नीति उनके सबसे बड़े दाता और प्रौद्योगिकी के दिग्गज एलन मस्क द्वारा तैयार की जाने की संभावना है। एलन मस्क के चीन में व्यापारिक हित हैं, जहां उनकी कुछ सबसे बड़ी टेस्ला फैक्ट्रियां हैं, इसके अलावा, वे बहुत कम सफलता के साथ भारतीय ऑटोमोबाइल बाज़ार में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उपग्रह-आधारित दूरसंचार सेवाओं सहित उनके अन्य व्यावसायिक हित भारत में शुरू होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इनमें से कई कारक मोदी-ट्रम्प युग के अगले चार वर्षों को निर्धारित करेंगे।

## आप की बात

### ट्रंप फिर से

**जनता** द्वारा डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरे कार्यकाल के लिए ऐतिहासिक जीत के लिए स्पष्ट जनादेश देने के साथ, वैश्विक भू राजनीतिक परिदृश्य बदले हुए वैश्विक वातावरण में कनेक्शन और व्यवधानों का सामना करने के लिए तैयार है। टैरिफ, जलवायु परिवर्तन के मुद्दों, आप्रवासन कानूनों पर एक आक्रामक नीति का विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव हो सकता है। कमला हैरिस के खिलाफ कड़ी प्रतिस्पर्धा और समान रूप से कांटे की लड़ाई में, रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रोवर क्लीवलैंड 1892 . के बाद गैर-लगातार दूसरा कार्यकाल जीतने वाले दूसरे पूर्व राष्ट्रपति और पहले रिपब्लिकन बनकर इतिहास रच दिया है। ट्रम्प की जीत का श्रेय बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण बनी स्थितियों को दिया जा सकता है, जब जो बिडेन और उनके बाहर निकलने के दौरान बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर आ गई थी। जैसे ही 47वें राष्ट्रपति और उनका दूसरा कार्यकाल शुरू हो रहा है, उन्होंने करों पर अंकुश लगाने, प्रवासन और लालफीताशाही पर अंकुश लगाने की योजना बनाई है, जो उपभोक्ताओं के लिए ऊंची कीमत का संकेत देता है। चीनी वस्तुओं पर 60 प्रतिशत और अन्य देशों के सामानों पर 10 प्रतिशत लेवी लगाने की ट्रम्प की प्रतिबद्धता को देखते हुए 20 देशों के यूरोजोन को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

– **विजय सिंह,** नैनीताल

### भारत-अमेरिका संबंध

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव जीत कर डोनाल्ड ट्रम्प के व्हाइट हाउस में पुन राष्ट्रपति पद पर सत्तारूढ़ होने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में कुछ परिवर्तन तो अवश्य दिखेंगे ही साथ सहयोगी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों में दशा दिशा अवश्य परिष्कृत स्वरूप में दिखेगी। नाटो संगठन अमेरिका से प्राप्त होने वाले रक्षा बजट आवंटन पर निर्भर हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद नाटो को कूटनीतिक वित्तीय परिवर्तनों की चुनौती के अनुरूप सामंजस्य बिठाना पडेगा। नाटो के लिए अमेरिका ने सैन्य और वित्तीय सहायता में कमी कर दी तो रूस का साहस बढ़ सकता है। वैश्विक जगत में चीन के बढ़ते कद पद पर डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति से लगाम लग सकती है। रूस यूक्रेन युद्ध को न्यूनतम अवस्था में पहुंचाने में डोनाल्ड ट्रम्प बेहतरीन भूमिका निभा सकते हैं। इधर भारत अमेरिका संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल कूटनीति के कारण प्रगाढ़ हो रहे हैं । चीन से मुकाबला करने के लिए भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदार के रूप में उदय हो रहे हैं। दक्षिण एशिया उप महाद्वीप में भारत की सैन्य और आर्थिक स्थिति मजबूत करने में डोनाल्ड ट्रम्प सक्रिय सहयोग दे सकते हैं

– **युगल किशोर शर्मा,** फरीदाबाद

### महाराष्ट्र चुनाव

**इस** बार महाराष्ट्र के चुनाव दिमाग घुमा देने वाले एवं चुनावी पंडितों के लिए उनके बारे में कोई भी भविष्यवाणी करना एक टेढ़ी खीर हो गई है। इसमें तो कोई शक नहीं कि यह चुनाव महायुती बनाम महा विकास अगड़ी के बीच में ही सिमट कर रह गया है। संभवत ऐसा पहली बार हो रहा है कि महा विकास आघाड़ी ने शाहू, फूले, अंबेडकर की वैचारिक क्रांति को चुनावी प्रचार का बड़ा आधार बनाया है और लड़ाई को संविधान और आरक्षण पर लाकर चुनावी मोड़ दिया है। भाजपा ने योगी आदित्यनाथ की चुनावी परिभाषा बटेंगे तो कटेंगे को आगे बढ़ाया है एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने चुनावी अभियान की कमान को संभाल लिया है। राहुल गांधी ने नागपुर में संविधान सम्मान रैली को संबोधित किया और संविधान पर बीजेपी को जोरदार ढंग से घेरा है। दूसरी तरफ भाजपा ने संविधान की प्रीति लाल रंग की होने पर और कोरे पन्ने का किताब का हवाला देते हुए राहुल गांधी को की जमकर आलोचना की है। इन सबके बीच नेशनल कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने महायुति को ही संकट में डाल दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि हम किसी भी ऐसे बात के साथ नहीं खड़े हैं जो शाहू फूले अंबेडकर वैचारिक विमर्श के विरुद्ध खड़ी हो।

– **वीरेंद्र जाटव,** दिल्ली

### एक सेवानिवृत्त, अनेक सेवामुक्त

**एक** सेवा से निवृत्त अनेक सेवामुक्त- जैसा कि माननीय प्रधान न्यायधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने सेवानिवृत्ति से पूर्व कहा कि मैं रविवार को सेवानिवृत्त हो जाऊंगा किन्तु मुझे सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाले सभी सोमवार से बेरोजगार हो जाएंगे। महोदय ऐसा मत कहिये अगर वे बेरोजगार हो जाएंगे तो पहले ही देश में बेरोजगारों की संख्या बेतहाशा हो गई है अगर लाखों ट्रोलर्स बेरोजगार हो जाएंगे तो हमारे देश में और अधिक बेरोजगारी बढ़ जाएगी। अच्छी बात नहीं है आप एक सेवा से निवृत्त हो रहे हैं और अफ़सोस आपके सेवानिवृत्त होने से अनेकानेक बेचारे सेवामुक्त हो जाएंगे। महोदय उन्हें कहिये कि आप लोग व्यर्थ का ट्रोल का बिजिनेस छोड़कर नेक काम में ईमानदारी से लग जाएं ताक्रि समय का सदुपयोग भी होगा और स्वयं के साथ ही समाज व देश की उन्नति भी बेहतर तरीके से करके सबका भविष्य भी उज्जवल कर सकेंगे. अंत में महोदय आपको हार्दिक शुभकामनाएं, आपका सेवानिवृत्त जीवन सुखमय बना रहे।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कबीरधाम जिले में धान खरीदी की तैयारी जोरो पर 14 नवंबर से होगी धान खरीदी की शुरूआत

## कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों के लिए 35 बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

### 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर किसानों को एकमुश्त भुगतान

धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किया जा रहा है। इस घोषणा से कबीरधाम सहित पूरे प्रदेश के किसानों में उत्साह का माहौल है। जिले के किसानों ने कहा कि एक मुश्त खाते में पैसा आएगा तो हमारी जरूरतें पूरी होंगी और हम आने वाले सीजन की तैयारी भी बेहतर कर पाएंगे।

### आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की ओर कदम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान ने किसानों के लिए एक आर्थिक सुरक्षा कवच की तरह काम करेगी। उन्हें अपनी फसल का मूल्य समय पर मिलने से कर्ज से राहत मिलेगी और वे अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। साथ ही यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेगी।

### कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश जारी

धान खरीदी की प्रक्रियाओं को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 35 बिंदुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों में केंद्रों पर किसानों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और पर्याप्त उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल हैं।

### अवैध धान परिवहन पर सख्ती

जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए विशेष चेकपोस्ट भी बनाएं गए है। इन चेकपोस्टों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, ताकि बाहरी क्षेत्रों से अवैध धान जिले में न लाया जा सके। जिले के में पड़ोसी राज्यों एवं पड़ोसी जिलों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों को रोकने के लिए अलग-अलग चेक पोस्ट तैयार किए गए है और अन्य मार्गों पर भी कड़ी निगरानी के लिए आवश्यक व्यवस्था बनाई गई है।

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 14 नवम्बर से होने वाली है। जिले के 90 समितियों के माध्यम से 108 धान खरीदी केन्द्रों में इसकी तैयारी अंतिम चरणों पर है। जिले में 07 हजार 280 नए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इस प्रकार कबीरधाम जिले के 01 लाख 24 हजार 787 किसानों ने 01 लाख 24 हजार 411 हेक्टेयर रकबा में अपना धान का समर्थन मूल्य में विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है। मोदी की गारंटी में प्रदेश सरकार द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की मान से एक एकड़ में 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में इसकी तैयारी जोरो पर है। जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने और धान खरीदी सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने धान खरीदी की तैयारियों के लिए 35 बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए चेकपोस्ट बनाएं गए है। जहां आने जाने वाले सभी वाहनों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

# खनिज विभाग ने मेसर्स बी.एम.मिनरल्स को दिया कारण बताओ नोटिस



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खनिज विभाग के द्वारा मेसर्स बी एम मिनिरल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जानकारी के अनुसार मोहिनीदेवी चोपड़ा के नाम से खनिज डोलोमाईट उत्खनिपट्टा स्वीकृत ग्राम-मोहभट्ठा के ख.नं. 159 रकबा 458 हे. क्षेत्र पर अवधि 12 अगस्त 1982 से 11 अगस्त 2042 तक स्वीकृत एवं संचालित है। उक्त खदान में चोरी से अवैध माईनिंग अवैध ब्लास्टिंग व अवैध परिवहन किया जा रहा है इत्यादि के संबध मे शिकायत प्राप्त होने पर 03 अक्टूबर 2024 एवं 17 अक्टूबर 2024 को तहसीलदार बेरला, खनिज अमला बेमेतरा, जिला पुलिस बल ग्राम-मोहभट्ठा के संरपंच कोटवार पदाधिकारी एवं मेसर्स बी.एम. मिनरल्स के पार्टनर (मुख्यातयारकर्ता यज्ञदत्त शर्मा, एवं अन्य प्रतिनिधि) की उपस्थिति में जांच किया गया जांच के दौरान मौके स्थल पर पाया गया कि मेसर्स बी.एम. मिनरल्स के नाम से भण्डारण अनुज्ञप्ति पूर्व से स्वीकृत उत्खनिपट्टा क्षेत्र के अंतर्गत होना पाया गया है एवं नाला से 50 मीटर प्रतिबंधित दूरी पर क्रशर लगा होना पाया गया साथ ही नाले के ऊपर क्रशर बंकर का निर्माण किया गया है। जिस कारण से मेसर्स बी.एम.मिनरल्स का भण्डारण अनुज्ञप्ति ख.नं. 159 रकबा 1.00 है. अवधि 15 अक्टूबर 2018 से 14 अक्टूबर 2028 तक को निरस्त किया गया एवं स्वीकृति क्षेत्र में उत्खनन पट्टो के शर्तो के उल्लंघन के कारण पट्टेदार मोहिनीदेवी चोपड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब प्राप्त ना होने पर पट्टा पर्यावसित किया जाकर संपूर्ण प्रतिभूति राशि राजसात की कार्यवाही की जावेगी।

# लाटाबोड़ जनसमस्या निवारण शिविर में 145 में 103 आवेदनों का किया गया मौके पर निराकरण

## केन्द्र एवं राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित-भोजराज नाग







पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में हमारा राज्य एवं देश प्रगति के नए सोपानों को तय करते हुए तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार विकास को अपना ध्येय मानकर समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। भोजराज़ नाग बालोद जनपद अंतर्गत के ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद सदस्य पूनम साहू, प्रेम साहू एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 145 आवेदनों में से 103 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में सासंद भोजराज़ नाग, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिविर में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आम जनता से प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों के मांगों एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### नशापान समाज के पतन का प्रमुख कारण- सांसद नाग

इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता की आशा एवं आकांक्षाओं तथा जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार की इसी मंशा के अनुरूप शासन-प्रशासन के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनकी वास्तविक जरूरतों की पड़ताल कर उसके समुचित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके फ्लस्वरूप आम जनता एवं ग्रामीणों को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों के कार्यालयों में पहुँचकर अधिकारी-कर्मचारियों के चक्क र लगाने की समस्या से भी निजात मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारे सरकार के द्वारा आम जनता के नामांतरण, बँटवारा, सीमांकन आदि प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा तय कर दी गई है। शासन के मंशानुरूप अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में इन समस्याओं का निराकरण करना अत्यंत आवश्यक होता है। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं कृषकों को वर्तमान समय के अनुरूप आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सामांजस्य स्थापित कर अपन आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए खेती-किसानी एवं अन्य परंपरागत तथा पुश्तैनी कार्यों में ज्ञान-विज्ञान की नई पद्धति को भी अपनाने को कहा।

### पीएम आवास योजना में 90 प्रतिशत हितग्राहियों को किया जा चुका लाभान्वित : कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपने आप में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में फसल चक्र परिवर्तन के साथ-साथ मौसम में भी लगातार परिवर्तन हो रहा है। ऐसे समय में जिला प्रशासन तथा कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसानों को गांव-गांव में चौपाल लगाकर फसल चक्र परिवर्तन के महत्व एवं लाभ के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने जिले में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की सफ्लता पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 90 प्रतिशत हितग्राहियों को अब तक लाभान्वित किए जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शेष पात्र हितग्राहियों को भी शीघ्र ही इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सांसद एवं अन्य अतिथियों को शिविर में उपस्थिति के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू ने ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर के महत्व एंव उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविर को आम जनता एवं ग्रामीणों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु अत्यंत कारगर माध्यम बताया।

### कलेक्टर और जिंप सीईओ ने किया स्टॉलों का अवलोकन

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा कृषि विभाग के योजना के अंतर्गत कृषकों को उन्नत कृषि बीज वितरण के तहत मक्क ा बीज का वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने नन्हें-मुन्हें बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोद भराई रस्म को पूरा किया गया। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभाग को प्राप्त कुल एवं निराकृत आवेदनों की संख्या तथा लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु किए जा रहे कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। इसके अंतर्गत पंचायत एंव ग्रामीण विकास को प्राप्त 99 आवेदनों में से 88 आवेदन, खाद्य विभाग को प्राप्त 11 में से 8 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी तरह शिविर में राजस्व विभाग को 18, विद्युत विभाग को 7 आवेदन, वन, कृषि एवं समाज कल्याण विभाग को 02-02 आवेदन, श्रम, चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा विभाग को 01-01 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिविर में निराकरण हेतु शेष रह गए आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु उचित कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी पर पुरई में कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरई में अंतर संकुल स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें पुरई, बोरीगारका, पाऊवारा, डुमरडीह, कन्या उतई, उमरपोटी एवं खम्हरिया स्कूल के कुल 69 बच्चे उपस्थित रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव ने कहा कि विकासखण्ड में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के साथ-साथ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, जवाहर उत्कर्ष चयन परीक्षा, गणित- विज्ञान ऑलम्पियाड, श्रेष्ठा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा हेतु नियमित तैयारी कराया जा रहा है जो अत्यंत प्रशंसनीय है । बीईओ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा फार्म भरने, सफ्ल होने घर पर पढ़ाई का कोना बनाकर नियमित अध्ययन करने कहा । कार्यशाला में जिला नोडल पवन सिंह ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए बौद्धिक योग्यता इन्द्रधनुष, वर्ग, घन, पांसा, वृत्त, सरल रेखा, आकृतियों की गिनती, लुप्त संख्या, श्रेणी सहित परीक्षाओं की बारिकियों का विस्तृत जानकारी दिए । विकासखण्ड नोडल पोषण मारकण्डे ने समस्त बच्चों व प्रभारी शिक्षकों को परीक्षा की महत्वपूर्ण बिंदुओं कर विस्तृत जानकारी दी । इस कार्यशाला में व्याख्याता सुनीता श्रीवास्तव, विनोद सिन्हा, प्रधान पाठक पूर्णिमा खोब्रागढ़े, संकुल समन्वयक महेन्द्र साहू, दुर्गा प्रसाद टंडन, निहारिका दुबे, शिक्षकगण आशा रानी चन्द्राकर, विद्या डाहके, सत्यवती टंडन, नौशिना फ़िरदौस, सत्यवान यादव, ममता कामले, सीमा सोनी, अणिमा चन्द्राकर, प्रतिभा ठाकुर, भावना कश्यप आदि उपस्थित थे।

# जायसवाल समाज ने मनाया सहस्त्रबाहु जयंती व दीपावली मिलन

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





जायसवाल समाज द्वारा वार्ड क्रमांक 19 सुभाष चौक स्थित जायसवाल भवन में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिमसें भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना व आरती विधिवत तरीके से सनद पाठक महाराज द्वारा कराया गया। जायसवाल समाज के संगठन मंत्री श्याम जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष बेनी माधव जायसवाल, महामंत्री जयप्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, राकेश जायसवाल, सुनील जायसवाल सहित समाज के सभी पदाधिकारियों व वरिष्ठजनों की सहमति से समाज के युवा प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। महिला प्रकोष्ठ के संरक्षक के रूप में सुशीला जायसवाल व युवा प्रकोष्ठ के संरक्षक के रूप में सुनील जायसवाल को नियुक्त किया वहीं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में अमर जायसवाल व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में सीमा जायसवाल को नियुक्त किया गया साथ ही जायसवाल रत्न सम्मान से समाज के मेधावी बच्चों व युवाओं का सम्मान किया गया। सम्मानित किए गए लोगो मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ. सुरेन्द्र जायसवाल, डॉ. भारती जायसवाल , भारत के सुरक्षा के क्षेत्र में मोहन जायसवाल (आर्मी), प्रदीप जायसवाल (सी.आई.एस.एफ) मेधावी छात्रा में निशा जायसवाल, निकिता जायसवाल, खेल के क्षेत्र में जिया जायसवाल को सम्मानित किया गया है। युवा प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष के रूप में प्रदीप जायसवाल, सोहन जायसवाल, मनोज जायसवाल , जितेंद्र जायसवाल, महामंत्री अंकित जायसवाल, नीलेश जायसवाल, सचिव प्रकाश जायसवाल, अनिल जायसवाल, कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, संगठन मंत्री महेश जायसवाल, निखिल जायसवाल शोशल मीडिया प्रभारी सोमेश जायसवाल, अमन जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजा जायसवाल, रितिक जायसवाल संस्कृतिक प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ,सोहन जायसवाल, नितेश जायसवाल, अंकित जायसवाल सचिन जायसवाल, कृष्णा जायसवाल को नियुक्त किया गया हैं। इसके साथ ही महिला प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष के रूप में मीरा जायसवाल, ममता जायसवाल महामंत्री इंदू जायसवाल, सोनम जायसवाल सचिव गीता जायसवाल, कुमकुम जायसवाल, खुशबू जायसवाल, राखी जायसवाल, संगठन मंत्री सुधा जायसवाल, प्रीति जायसवाल, कोषाध्यक्ष अमृता जायसवाल शोशल मीडिया प्रभारी रीना- साधो जायसवाल, रीना-गोपी जायसवाल संस्कृति प्रकोष्ठ प्रभारी कविता जायसवाल, पूनम जायसवाल, प्रतिमा जायसवाल, दीक्षा जायसवाल, उर्मिला जायसवाल कार्यकारणी सदस्य संजू जायसवाल, प्रमिला जायसवाल, स्वाति जायसवाल, सोनाली जायसवाल, मीना जायसवाल को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हौसला प्रसाद जायसवाल, अश्वनी जायसवाल, किशोर जायसवाल, धीरज जायसवाल, नंदलाल जायसवाल, नंदकिशोर जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, ललन जायसवाल, अनिल जायसवाल, विनोद महाजन जायसवाल, विनोद जगदीश जायसवाल, रमेश जायसवाल, दिलीप जायसवाल, संजय जायसवाल, अशोक जायसवाल उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय के कर्मचारी पुन : हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के नियमित कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 नवंबर से 14 नवंबर तीन दिवस हड़ताल पर रहेंगे। सामूहिक अवकाश का ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर को सौंपा गया । कर्मचारियों के हड़ताल में रहने से कार्यालयीन कार्य प्रभावित होंगे, जिसमें जन्म -मृत्यु, पेंशन विभाग, लोक निर्माण विभाग, टेक्स् वसूली कार्य, स्टोर विभाग, परियोजना विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित समस्त कार्य प्रभावित होंगे । इस संबंध में कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद राम साहू एवं स्थानीय निकाय के अध्यक्ष विपिन बेहरा ने बताया कि इसके पूर्व भी आंदोलन किया गया था जिसमें शासन स्तर पर संचालक द्वारा लिखित में आश्वासन दिया था कि 6 सूत्रीय मांगों पर जांच परीक्षण हेतु शासन स्तर पर समिति भी गठन किया गया किंतु किसी प्रकार से सार्थक पहल नहीं किया गया इसलिए मजबूरी वस फिर से प्रदेश स्तर पर बिलासपुर में हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उसी क्रम में बालोद जिला से भी पूरे निकाय के कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल होंगे। ज्ञापन देने वालों में उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, रामगोपाल चंद्राकर, घनश्याम शर्मा, एलन चंद्राकर, राजेंद्र साहू, बुद्धिमान सिंह,के पी सिंह, इन्द्र यादव, सुनील ताराम, मनोज साहू,पंकज चंद्राकर,अनंत कुमार साहू, अब्दुल कलीम,धरमु राम बक्शी, सुशील टंडन, चित कुमार कुर्रे, अब्दुल कलीम, दशरथ कौशिक,परदेसीराम देव देवांगन, नारायण सिंह एवं समस्त कर्मचारी शामिल थे। कर्मचारियों द्वारा तीन दिवस हड़ताल में रहने के कारण आम जनता को होने वाले असुविधा के लिए कर्मचारी संघ द्वारा खेद प्रकट किया गया है।

## विधिक साक्षरता शिविर

**बेमेतरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की मार्गदशन में व श्रीमती निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा निर्देशन में सालसा द्वारा संचालित स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत "09 नवम्बर, 2024 को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस" के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के पैरालीगल वालेंटियर्स के द्वारा शास. उच्च. माध्य. शाला बावामोहतरा एवं शास. पूर्व माध्य. शाला खुड़मुड़ी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर छात्र छात्राओं को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य की जानकारी देते हुये, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, की जानकारी दी गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Website - www.nagarnigamdhamtari.com Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, phone/Fax No. 07722-241599

### // मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय) //

क्रमांक/ कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2024/2071 धमतरी, दिनांक 11/11/2024

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा विकास शुल्क मद् अंतर्गत बनियापारा वार्ड क्र. 28 में रमसगरी तालाब गार्डन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य (अनुमानित लागत 05.00 लाख रू.) के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 2015 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु निविदा प्रपत्र ''ए'' में त्रि-लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 27.11.24 तक आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य का अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी



## JITF INFRALOGISTICS LIMITED

CIN - L60231CT2008PLC016434
Regd. Office: A-11 (7), Udya Society, Sector-3, Tatibandh, Dharsiwa, Raipur- 492099, Chattisgarh
Corp. Office: Jindal ITF centre, 28, Shivaji Marg, New Delhi- 110015

### EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2024

(₹ Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year ended | | Year ended | Quarter Ended | | | Half Year ended | | Year ended |
| | | 30.09.2024 Unaudited | 30.06.2024 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 30.09.2024 Unaudited | 30.06.2024 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 113.43 | 83.77 | 77.68 | 197.20 | 163.41 | 197.20 | 49,138.41 | 47,273.56 | 72,723.43 | 96,411.97 | 127,612.61 | 258,613.56 |
| 2 | Net Profit/(loss) before tax and share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items | 16.78 | 6.62 | 4.81 | 23.40 | 14.94 | 23.40 | (1,926.98) | 1,113.76 | 3,272.65 | (813.22) | 3,789.21 | 7,308.91 |
| 3 | Net Profit/(loss) before tax and after share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items | 16.78 | 6.62 | 4.81 | 23.40 | 14.94 | 23.40 | (1,919.79) | 1,116.91 | 3,272.81 | (802.88) | 3,794.13 | 9,218.58 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional items) | 12.88 | 4.96 | 3.61 | 17.84 | 11.18 | 17.84 | (2,574.83) | (36.79) | 1,636.31 | (2,611.62) | 864.05 | 4,703.13 |
| 5 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional items) (Discontinued operation) | - | - | - | - | - | - | 13,905.47 | 2,348.72 | 865.37 | 16,254.19 | 1,063.01 | 4,379.20 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 13.12 | 5.20 | 3.61 | 18.32 | 11.18 | 18.32 | 11,741.75 | 2,401.32 | 2,515.87 | 14,143.07 | 1,940.52 | 9,641.19 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as at Balance Sheet date | | | | | | 31,528.69 | | | | | | (56,063.28) |
| 9 | Earnings Per Share (of ₹ 2/- each) (*Not annualised) | | | | | | | | | | | | |
| | **Continuing Operation** | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | 0.05* | 0.02* | 0.01* | 0.07* | 0.04* | 0.07 | -9.35* | -3.10* | -0.92* | -12.45* | -7.31* | 1.00 |
| | (2) Diluted (₹) | 0.05* | 0.02* | 0.01* | 0.07* | 0.04* | 0.07 | -9.35* | -3.10* | -0.92* | -12.45* | -7.31* | 1.00 |
| | **Discontinued Operation** | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | - | - | - | - | - | - | 40.57* | 6.85* | 2.53* | 47.43* | 3.10* | 12.78 |
| | (2) Diluted (₹) | - | - | - | - | - | - | 40.57* | 6.85* | 2.53* | 47.43* | 3.10* | 12.78 |
| | **Continuing & Discontinued Operation** | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | 0.05* | 0.02* | 0.01* | 0.07* | 0.04* | 0.07 | 31.22* | 3.75* | 1.61* | 34.98* | -4.21* | 13.78 |
| | (2) Diluted (₹) | 0.05* | 0.02* | 0.01* | 0.07* | 0.04* | 0.07 | 31.22* | 3.75* | 1.61* | 34.98* | -4.21* | 13.78 |

Note:
The above is an extract of the detailed format of Standalone and Consolidated financial results for the quarter and half year ended on 30th September, 2024 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated results for the quarter and half year ended on 30th September, 2024 are available on the websites of stock exchanges (www.nseindia.com/www.bseindia.com) and on the Company's website (www.jindalinfralogistics.com).

On behalf of Board of Director of JITF Infralogistics Limited
Sd-
Amarendra Kumar Sinha
Whole Time Director
DIN : 08190565

Place : New Delhi
Date : November 11, 2024

# भाजपा विश्वास का नाम है जबकि कांग्रेस विश्वासघात का नाम है: शिवरतन

## मंत्री जायसवाल का दावा: हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और विकास के बलबूते हम रायपुर दक्षिण का उपचुनाव जीतने जा रहे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि भाजपा विश्वास का नाम है जबकि कांग्रेस विश्वासघात का नाम है। भ्रष्टाचार और अपराध कांग्रेस रूपी सिक्के के दो पहलू हैं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में अपने पाँच साल और नगर निगम में 15 वर्षो के शासनकाल में केवल वादाखिलाफी करते जनता से किए गए अपने वादों से मुकरने का काम किया। शर्मा एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत कांग्रेस नेताओं से सवाल किया कि आखिर रायपुर दक्षिण की जनता कांग्रेस को वोट क्यों करें? कांग्रेस ने ऐसा कौन सा काम किया है, जिसके लिए रायपुर की जनता कांग्रेस का समर्थन करे? सन 2018 के कांग्रेस के जन घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने गंगाजल हाथ में उठाकर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की शपथ ली थी, लेकिन शराब घोटाला कर दिया। महादेव जुआ, कोयले की दलाली का प्रकरण प्रदेश के सामने है। किसानों को धमकाने-चमकाने के अनेक मामले सामने आए। कांग्रेस शासनकाल में जितने लोग गिरफ्तार हे, समीर बिश्नोई हो चाहे सौम्या चौरसिया हो, चाहे रानू साहू हो, डेढ़-दो साल से उनको जमानत तक नहीं मिल पा रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने 5 साल में आखिर किया क्या है? स्मार्ट सिटी के नाम पर सैकड़ों करोड रुपए का जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी भी पूरी जांच होगी और जो दोषी है उनको जेल भेजने की व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का चाहे प्रदेश नेतृत्व हो, चाहे राष्ट्रीय नेतृत्व, वह सनातन धर्मावलंबियों बहुसंख्य जनता की भावनाओं को आहत करने का काम करता है। पिछले चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल के साथ बैजनाथ पारा में क्या हुआ था, बताने की आवश्यकता नहीं। भूपेश बघेल के कार्यकाल में एक वर्ग विशेष का जो आतंक था और भूपेश सरकार का उन तत्वों को जो संरक्षण था वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। भाजपा सही मायने सर्वधर्म समभाव की नीति पर विश्वास करती है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने पिछली बार अपने घोषणा पत्र में शहर के नागरिकों से विशेष रूप से एक वादा किया कि जिनके पास भूमि नहीं है उनको हम भूमि का पट्टा देंगे, दो कमरों का मकान बनाकर देंगे, पर वह वादा पूर नहीं किया जबकि भाजपा की केंद्र सरकार की योजना में रायपुर दक्षिण में 2665 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए और बने। 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का पैसा मिल रहा है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के पाँच वादों, जिसमें लगभग 25 हजार करोड रुपए का खर्च आया था, हमने 5 महीने के अंदर पूरा करके दिखाया। 2 साल के बकाया बोनस देने की बात हो चाहे तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि बढ़ाने की बात हो चाहे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने की बात, हमने 4 महीने के अंदर यह सारे वादे पूरे किए और छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य के साथ जो कांग्रेस की सरकार खेल कर रही थी उस पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जा रही है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के मंत्री और दक्षिण उपचुनाव के प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार के 1 साल भी पूरे नहीं हुए हैं और इतने कम समय में हमने काम करके दिखाया है। सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का काम हमारे मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा सहित सात मंत्रीगण और 18 विधायक इस प्रचार-प्रसार में लगातार जनता की बीच जाकर सरकार की उपलब्धियां को बताने के साथ-साथ हमारे प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का काम किया।

# जनता बदलाव के लिए मतदान को आतुर है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




दक्षिण उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आज दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है पूरे चुनाव अभियान को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ किया। कांग्रेस ने पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा, हमारे सभी बड़े नेता, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण पूरी तन्मयता के साथ चुनाव अभियान में जुटे हुए है। एक ओर जहां कांग्रेस की एकजुटता दिख रही है, वही भाजपा का बिखराव भी जन चर्चा का विषय बना हुआ है। केवल एक खेमा भाजपा का चुनाव प्रचार करते हुए दिख रहा है वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक चुनाव प्रचार से दूर है। चुनाव अभियान के दौरान जनता का रुझान साफ दिखा जनता बदलाव के लिए मतदान को आतुर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव का प्रमुख मुद्दा सक्रिय बनाम निष्क्रिय है, भाजपा के प्रत्याशी को जनता ने अनेको अवसर दिया, महापौर रहे, आरडीए अध्यक्ष रहें, सांसद रहे लेकिन इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के बाद भी वे अपने एक भी उपलब्धि पूरे चुनाव अभियान में जनता को नही बता पाये। हमारा प्रत्याशी युवा है, सक्रिय है, जुझारू है जनता आकाश शर्मा को विधायक बना कर युवा को प्रतिनिधित्व का अवसर देना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दक्षिण में 8 बार से भाजपा का विधायक था, यहां के विधायक अविभाजित मध्यप्रदेश में मंत्री थे, 15 सालो तक छत्तीसगढ़ में मंत्री थे लेकिन रायपुर के चारो विधानसभा में सबसे कम विकास कार्य रायपुर दक्षिण में हुआ। कल प्रेस कांफ्रेंस लेकर बृजमोहन दावा कर रहे थे कि अपने विधानसभा क्षेत्र में उन्होने 5000 करोड़ का विकास कार्य करवाया है। हम उनको चुनौती देते है कि इस तथाकथित विकास कार्य की सूची सार्वजनिक करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव में जनता भाजपा सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ मतदान करेगी। इस चुनाव में जनता, प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के खिलाफ रोज हो रही हत्याओ, लूट, बलात्कार की घटनाओं के विरोध में मतदान करेगी। प्रदेश की राजधानी रायपुर में 5 बार गोली बारी हो चुकी है। आदमी गाजर-मूली की तरह काटे जा रहे है। दीपावली के दिन 9 हत्याएं होती है जनता इस बिगड़े कानून व्यवस्था के खिलाफ मतदान करेंगी।

## डभरा थाना अंतर्गत महिला को धमकी देकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

थाना डभरा जिला सक्ती के अपराध क्रमांक 396-397/2024, धारा 74.351 (3) बीएनएस के तहत थाना डभरा पुलिस द्वारा महिला से नौकरी से निकाल दूंगा कह कर धमकी देकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, थाना डभरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही हो रही है, दो अलग अलग प्रकरणो मे प्रार्थिया थाना डभरा जिला सक्ती थाना के द्वारा उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि पीडिता को नगर पंचायत डभरा से नौकरी से निकाल दूंगा कह कर बेईज्जती करने के नियत से हाथ बाह को पकड कर प्रार्थिया को जान से मारने की धमकी देकर छेड़छाड़ किया है, घटना की सूचना मिलते ही थाना डभरा पुलिस द्वारा माननीय पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / डभरा अंजली गुप्ता द्वारा महिला संबंधी अपराध मे त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर थाना डभरा पुलिस स्टाफ द्वारा तत्काल आरोपी रमेश बंजारे पिता स्व. लकेश्वर प्रसाद बंजारे उम्र 51 साल साकिन डभरा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण राजपूत के नेतृत्व मे उनि. सी.एम मालाकार, आरक्षक मिरीश साहू, राकेश हरवंश, धनेश्वर दिवाकर, का विशेष योगदान रहा।

## फिनो बैंक का गुल्लक बचत खाता: डेबिट कार्ड पर 2 लाख रु. तक का बीमा कवर सहित मासिक ब्याज भी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




बैंकिंग को आसान, सरल और सुविधाजनक बनाने के बाद, फिनो पेमेंट्स बैंक अब ग्राहकों की बचत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ग्राहकों के लिए अधिक मूल्य बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, फिनो बैंक ने गुल्लक नामक एक नया बचत खाता का अनावरण करने की घोषणा की है, जो ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई लाभ प्रदान करता है और उनकी बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। कोई भी व्यक्ति फिनो बैंक के छत्तीसगढ राज्य में फैले लगभग 20000 मर्चेंट पॉइंट्स पर जाकर गुल्लक खाता खोल सकता है और इसके लाभों का आनंद ले सकता है। केवल 1000 रुपये के न्यूनतम बैलेंस के साथ, गुल्लक खाताधारक को कोई वार्षिक योजना शुल्क नहीं देना होगा, उन्हें नकद जमा करने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा, गैर-मेट्रो स्थानों में 7 मुफ्त एटीएम ट्रांजेक्शन का लाभ मिलेगा और रुपे डेबिट कार्ड पर विशेष ऑफर मिलेंगे। एक रोमांचक सुविधा यह है कि कुछ शर्तें पूरी करने पर न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता भी माफ की जा सकती है। इनमें शामिल हैं फिनोपे मोबाइल ऐप के माध्यम से महीने में 500 रुपये मूल्य के पांच यूपीआई लेनदेन या फिनो के पार्टनर बैंक द्वारा जारी कम से कम 5000 रुपये की एक वर्षीय फिक्स्ड डिपॉजिट बुक करना, या खाते में किसी भी सरकारी कल्याण योजना का लाभ प्राप्त होना। यदि ग्राहक इन तीनों में से किसी एक शर्त को पूरा करते हैं, तो 1000 रुपये से कम बैलेंस होने पर भी न्यूनतम रकम न बनाए रखने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। गुल्लक (पिग्गी बैंक) का महत्व इसलिए है क्योंकि अधिकांश लोग अपने बैंक खातों से सारी या अधिकतर राशि निकाल लेते हैं, जिससे वे बचत और निवेश का अवसर खो देते हैं।

फिनो पेमेंट्स बैंक के ज़ोनल हेड, सचिन जोगलेकर के अनुसार ग्राहकों को भविष्य के खर्चों और किसी भी आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए नियोजित रकम तैयार करने के उद्देश्य से अधिक बचत की दिशा में प्रयास करना चाहिए, ताकि ऋण लेने की आवश्यकता से बचा जा सके। गुल्लक के साथ हमारा प्रयास है कि हम खाता धारकों में पहले बचत करने की प्रवृत्ति विकसित करें, जिसमें सुरक्षा और वृद्धि पर ध्यान केंद्रित हो। अधिक जमा राशि से ग्राहकों को सालाना 7.75 प्रतिशत तक की आकर्षक ब्याज दर मिल सकती है। खाते में न्यूनतम 1000 रुपये का बैलेंस होने पर ग्राहकों को तुरंत हाथों हाथ डेबिट कार्ड के साथ 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर और मासिक ब्याज भुगतान सहित कई लाभ मिलते हैं। गुल्लक बचत खाता के माध्यम से फिनो बैंक उन ग्राहकों को लक्षित कर रहा है जो उच्च बैलेंस बनाए रखने और बचत आधारित वृद्धि को महत्व देते हैं।

## धनतेरस पर रेनो इंडिया का धमाका, रायपुर में एक ही दिन में 100 से ज्यादा गाड़ियों की डिलीवरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रेनो इंडिया ने धनतेरस के खास मौके पर एक ही दिन में 100 कारों की डिलीवरी करके शानदार उपलब्धि हासिल की है। रायपुर, छत्तीसगढ़ के डीलर महादेवा ग्रुप ने इस अवसर को एक ग्रैंड डिलीवरी इवेंट के जरिए यादगार बनाया, जिसमें ग्राहकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और रेनो इंडिया की टीम और डीलर पार्टनर ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। डिलीवरी की गई 100 कारों में से 52 लोकप्रिय रेनो ट्राइबर, 30 स्टाइलिश रेनो काइगर और 18 वर्सेटाइल रेनो क्विड शामिल थीं। हाल ही में लॉन्च हुए नाइट एंड डे लिमिटेड एडिशन वेरिएंट्स ने भी ग्राहकों का खूब ध्यान खींचा, जिससे इवेंट का रोमांच और बढ़ गया। यह उपलब्धि दिखाती है कि रेनो इंडिया की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है और भारतीय ग्राहकों के बीच इसके मॉडल्स को खूब पसंद किया जा रहा है। इस मौके पर रेनो इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट, सुधीर मल्होत्रा ने कहा, हम अपने ग्राहकों से मिली इस शानदार प्रतिक्रिया से बेहद उत्साहित हैं। त्योहारी सीजन के दौरान रायपुर में एक ही दिन में 100 से ज्यादा गाड़ियों की बिक्री होना हमारे लिए गर्व की बात है और यह दिखाता है कि भारतीय ग्राहक रेनो ब्रांड पर कितना भरोसा करते हैं। हमारे सभी मॉडल्स, चाहे वह ट्राइबर हो, काइगर या क्विड, को इतना प्यार और तारीफ मिलते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। रेनो इंडिया अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और अनुभव देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, क्योंकि हम भारतीय बाजार में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। रेनो की ट्राइबर को खासतौर पर भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह गाड़ी अपने मॉड्यूलर डिज़ाइन और बड़ी जगह के कारण परिवारों की पहली पसंद बन रही है। इसके नए तकनीकी अपग्रेड्स में 7-इंच टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस चार्जर, और ड्राइवर की सहूलियत बढ़ाने वाले फीचर्स, जैसे ड्राइवर सीट आर्मरेस्ट और पावर फोल्डिंग ओआरवीएम, शामिल हैं।

## कत्थक नृत्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये आद्या कौशिक को मिला छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान



**सक्ती।** कत्थक नृत्य में महारथ हासिल करने वाली आध्या कौशिक को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से नवाजा गया है, नन्ही कलाकार आद्या कौशिक को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से नवाजे जाने पर लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, तो वहीं बिलासपुर के लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम मे यह सम्मान न्यूज़ हब इनसाइड केयर फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किया गया था, इस सम्मान समारोह में सामाजिक, पत्रकारिता, साहित्य व कला के क्षेत्र मे विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच में अपनी प्रस्तुति दे चुकी आद्या को कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ठता के लिए सम्मानित किया गया। आद्या को यह सम्मान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के द्वारा प्रदान किया गया, आद्या विगत 8 वर्षों से कथक के ख्याति प्राप्त तालमणि पंडित मोरध्वज वैष्णव के मार्गदर्शन में अपनी कत्थक की शिक्षा ग्रहण कर रही है, आद्या भारतीय रेलवे कोरबा में कार्यरत राकेश कौशिक और डॉक्टर चंचल कौशिक की पुत्री है, जो डीपीएस बाल्को मैं कक्षा आठवीं मे अध्यनरत है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, पायलट प्रोजेक्ट वित्तीय वर्ष 2024-25 में शीर्ष कंपनियों में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है। योजना का उद्देश्य 05 साल में शीर्ष 500 कंपनियों में 01 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक माहौल का अनुभव मिलेगा। आवेदन करने हेतु आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। इंटर्नशिप के 12 महिनों का अवधि के लिए आवेदक को 05 हजार रुपये की मासिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। योग्य उम्मीदवार पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओव्ही डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं।

## बेटी बचाओ मंच ने मनाया आंवला नवमी



**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच के पदाधिकारियो ने अनुपम गार्डन में आवला पूजन संपन्न किया। मंच के पदाधिकारियो ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा से आठ परिक्रमा किया। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने आवला पेड़ के महत्व व धार्मिक मान्यता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस दिन आवला पेड़ में ब्रहमा, विष्णु, महेश विराजते हैं तथा माता लक्ष्मी उनकी पूजा करती है। इस दृष्टि से इस दिन पूजन से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। पदाधिकारी अपने-अपने घर से बनाकर लाये विविध व्यंजन का पेड़ के नीचे मिल बैठकर लुफ्त उठाए। धार्मिक गीत, भजन आदि का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लीला रहंगडाले, आशा चंद्राकर, विजयलक्ष्मी दीवान, प्रीति मिश्रा, रंभा चौधरी, सरिता कटरे, हेमा यादव, संतोषी जैतवार, सुषमा काले, संध्या पांडे, मीनाक्षी गौतम, लीमन गौतम सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 8 पशुओं की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रैरुमाखुर्द जंगल के रस्ते 8 मवेशियों को ले जा रहे दो पशु तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, दोनों आरोपियों के कब्जे से तकरीबन 8पशुओं को मुक्त कराया गया साथ ही दोनों तस्करों को गैर जमानतीय धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी रैरुमाखुर्द उप निरीक्षक मनीष कांत को मुखबीर से सूचना मिली कि अज्ञात लोगों द्वारा बैल को 2-2 के जोड़ो में बांधकर मारते पीटते,बगैर चारा पानी के पैदल क्रूरतापुर्वक हांकते हुये बुचड़खाना लेजाने के लिये रैरुमाखुर्द जंगल रास्ते से झारखण्ड ले जाया जा रहा है। सूचना पाकर चौकी प्रभारी स्टाफ के साथ रैरुमाखुर्द जंगल रोड में घेराबंदी कर 2 लोगों को पकड़ा, जिन्होंने अपना नाम नारायण कुजूर उम्र 30 वर्ष निवासी पाराघाटी और सोमरा एक्का उम्र 59 वर्ष निवासी पाराघाटी बताया। दोनों के कब्जे से 8 नग बैल जप्त किया गया। मवेशीयों के खरीदी बिक्री एवं लाने लेजाने का पशु के मालिकाना हक के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं करने पर दोनों आरोपीयों के विरुद्ध धारा- 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 का पाया जाने पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## बंधन बैंक का कुल कारोबार 24 प्रतिशत बढ़कर 2.73 लाख करोड़ पर पहुंचा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। बैंक का कुल कारोबार 24% बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कुल जमा में खुदरा हिस्सेदारी अब लगभग 68% है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक वृद्धि वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है। बैंक अब भारत में 6,300 बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से 3.5 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 80,000 है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 27% की वृद्धि हुई है। कुल जमाराशि अब 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि कुल अग्रिम राशि 1.31 लाख करोड़ रुपये है। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात कुल जमाराशि का 33.2% है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.6% है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है। बैंक के प्रदर्शन पर बोलते हुए, एमडी और सीईओ (अंतरिम) रतन कुमार केश ने कहा, दूसरी तिमाही में बंधन बैंक का मजबूत प्रदर्शन प्रभावी जोखिम प्रबंधन और अनुपालन पर हमारे फोकस के साथ गुणवत्ता वृद्धि में गति को दर्शाता है। हमारी सफलता हमारे ग्राहकों के विश्वास और हमारे कर्मचारियों के समर्पण पर आधारित है। प्रौद्योगिकी में नवाचार पर ध्यान केंद्रित करके, हमारी प्रक्रियाओं को परिष्कृत करके, और उत्पादों व लोगों की क्षमताओं को बढ़ाकर, हम बंधन बैंक 2.0 के लिए विकास के अगले चरण को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के अंतरण पर लगाया गया प्रतिबंध

**बलरामपुर।** कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग अम्बिकापुर के ज्ञापन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-343 अम्बिकापुर-रामानुजगंज मार्ग का 02 लेन पेव्हड शोल्डर सहित चौड़ीकरण निर्माण प्रस्तावित किए जाने पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सह भू-अर्जन अधिकारी रामानुजगंज द्वारा प्रस्तावित भू-खण्डों का 3डी प्रकाशन कराया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर, अटलनगर के आदेश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर के द्वारा ग्राम पस्ता, पाढ़ी, दलधोवा, बडकीमहरी, भनौरा, अधौरा, सेमली, लुरघुटा, तातापानी, दामोदरपुर के मार्ग चौड़ीकरण हेतु अवार्ड 16 जुलाई 2023 व 04 जुलाई 2024 एवं अतिरिक्त प्रस्ताव के 3डी प्रकाशन में सम्मिलित समस्त भू-खण्डों की प्रविष्टि खसरा राजस्व अभिलेखों के कॉलम-12 में अविलंब किए जाने का आदेश दिया गया है।

# अवैध शराब के खिलाफ सड़क में उतरी महिलाएं

## कोतरा रोड थाने का किया घेराव, की नारेबाजी, शराब कारोबारियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने थाने के सामने हंगामा शुरू कर दिया है। महिलाओं का आरोप है कि उनके क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले की शिकायत करने पर शराब कोचिये के द्वारा उनके साथ मारपीट की गई थी, इसकी शिकायत करने के बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से नाराज होकर थाने के सामने बैठकर हंगामा कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाने के सामने सैकड़ो की संख्या में सड़क में बैठकर प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि कोसमपाली, कलमी, बरमुडा, खैरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा था। इस मामले की शिकायत उन्होंने थाने में की थी, जिससे क्षुब्ध होकर शराब कोचिये ने महिला सरपंच के बेटे के साथ मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत करने के बावजूद शराब कोचिये पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नही करने से नाराज होकर आज लगभग आधे दर्जन से भी अधिक गांव की सैकड़ो महिलाओं ने कोतरा रोड थाने का घेराव करते हुए सड़क में बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया। नाराज महिलाओं ने कोतरा रोड थाने की पुलिस टीम पर शराब कोचिये के साथ मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

**पुलिस व थाना प्रभारी के खिलाफ लगे नारे**

कोसमपाली, खैरपुर, कलमी, कोसमनारा के अलावा आसपास के अन्य गांव से सैकड़ो की संख्या में कोतरा रोड थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया और फिर थाने के सामने सडक में बैठकर कोतरा पुलिस के थाना प्रभारी के खिलाफ नारे भी लगाये। महिलाओं का आरोप था कि गांव में अवैध शराब बेचने वाले लोगों को पुलिस संरक्षण दे रही है।

**कई गांव में बिक रही अवैध शराब**

नाराज महिलाओं का आरोप है कि खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांव में पिछले लंबे समय से अवैध महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत करने के बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही की जाती है। नाराज होकर वे रायगढ़ जिला पहुंचकर आंदोलन करने को विवश हो चुके है। महिलाओं के इस आंदोलन की जानकारी मिलते ही रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक सहित कई कांग्रेसी नेता कोतरा रोड थाने पहुंच गए हैं वहीं बताया जा रहा है कि इस आंदोलन की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल भी कोतरा रोड थाना पहुंचकर कोतरा रोड थाना प्रभारी से इस मामले में चर्चा की गई।

**एसपी से भी की गई थी शिकायत**

ग्राम पंचायत कोसमपाली की सरपंच अनसुईयां उराव ने बताया कि छठ पूजा से पहले गांव की कई महिलाओं ने उनसे गांव में बिकने वाली अवैध महुआ शराब की शिकायत की थीं। तब उन्होंने एकजुट होकर गांव में बिकने वाली अवैध शराब को बंद कराने के लिये कोतरा रोड थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था। तब पुलिस ने उन्हें छठ पूजा के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद उन्होंने इस मामले की शिकायत एसपी आफिस पहुंचकर की जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उसी दिन शाम करीब 4 बजे पुलिस टीम पहुंचकर छापामार कार्रवाई करते हुए शराब पकड़ा गया। इसके बाद गांव की 18 समिति की महिलाएं घर-घर जाकर चेक किया गया कि इस कार्रवाई के बावजूद कहीं फिर से शराब तो नही बनाया जा रहा है।

**पुलिस कार्रवाई से नाराज महिलाएं**

महिलाओं ने बताया कि शराब का कारोबार करने वाले लोगों के द्वारा उनसे गाली गलौज करते हुए दोबारा घर आने पर झूठे केश में फंसाने की धमकी दी गई थी। महिला सरपंच ने यह भी बताया कि बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की गई। इसकी शिकायत करने के बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही करने से नाराज होकर वे आज थाने पहुंची है।

**अवैध शराब से गांव का बिगड़ रहा माहौल**

इस मामले में पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने बताया कि आज सुबह उन्हें फोन के जरिये सूचना मिली कि कोसमपाली की महिलाओं के साथ थाने में दुर्व्यवहार हो रहा है। रिपोर्ट लिखाने पहुंची महिलाओं को यहां के टीआई ने उल्टा उन्हीं के उपर एफआईआर हो जाने की बात कही गई। इस वजह से आज भारी संख्या में महिलाएं थाने पहुंची है और इन महिलाओं ने थाने के अलावा एसपी आफिस में ज्ञापन सौंपा था और जिस तरह से गांव में शराब बिक रही जिससे गांव के बच्चे बिगड़ रहे हैं।

**पुलिस आरोपी को दे रही संरक्षण**

उमेश पटेल ने कहा कि महिलाओं का आरोप था कि शराब कारोबारी के द्वारा सरपंच के बेटे के साथ मारपीट की गई है और पुलिस आरोपी को संरक्षण दे रही है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से पुलिस का जनता के प्रति जो रवैया बहुत ही गलत रवैया है।

# आंवला नवमी पर्यटन स्थलों में रही लोगों की भारी भीड़

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



आंवला नवमी के अवसर पूजा अर्चना के बाद वनभोज की सदियों से परंपरा अनुसार चली आ रही है। इस दिन लोग मंदिर व पिकनिक स्थल में मौजूद आंवला पेड़ो की पूजा विधिवत करने के पश्चात वनभोज को लुत्फ उठाते हैं। जिसके लिये शहर के अलावा शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थलों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुटती है। शहर के पर्यटन स्थलों में लोगों ने अपने-अपने अंदाज में परिवार के अलावा दोस्तों के साथ पहुंचकर आंवला नवमी का पर्व मनाया। इंदिरा विहार में महिलाओं और बच्चों ने खेल कूदकर, झूलों व आंवला वृक्ष के नीचे अलग-अलग प्रकार के पकवान बनाकर भोजन आ आनंद लिया। तो वहीं दूसरी तरफ कुछ शरारती तत्वों ने पिकनिक स्थलों में शराबखोरी करते नजर आये। बताया जाता है कि कार्तिक शुक्ल नवमी को आंवले की पूजा व उसकी छांव में भोजन का विशेष महत्व माना गया है। जिसे लेकर हर साल बड़ी संख्या में लोग पर्यटन स्थल पहुंचकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भोजन ग्रहण करने पहुंचते हैं। इसके लिए वन विभाग के पर्यटन पार्क रामझरना, इंदिरा विहार, अटल रॉक गार्डन के अलावा इको पार्क में हर साल एक माह पहले ही आंवला नवमी की तैयारी कर ली जाती है। टीपाखोल डेम पिकनिक मनाने पहुंचने वाले लोगों ने बताया कि यहां अलग-अलग गुटों में लोग शराबखोरी करते नजर आये जिसके कारण वे लोग यहां खुलकर आनंद नहीं उठा सके। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से टीपाखोल डेम सहित शहर के कुछ पर्यटन स्थलों में शराबखोरी के मामले देख जा रहे हैं। जिससे कारण ऐसी जगहों में पहुंचने वाले महिलाओं, युवतियों और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं कैलिपर्स वितरण शिविर का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा सेठ स्व. मांगेराम अग्रवाल की स्मृति में शक्ति शहर के हटरी धर्मशाला में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण सिविल एवं कैलिपर्स वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी जहां विकलांग बंधु शिविर का लाभ लेने पहुंचे तो वहीं इस शरीर में रांची झारखंड से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के टेक्नीशियन की टीम जिसमें सूरज प्रसाद, रंजन कुमार, मनमोहन महतो एवं रोहित चंद्र महतो शामिल थे। उनके द्वारा आगंतुक सभी विकलांग बंधुओ के पैरों की जांच कर उनका मेजरमेंट किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती, भगवान अग्रसेन जी एवं स्व. मांगेराम अग्रवाल के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में शक्ति जिले की जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल दर्री, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, प्रायोजक परिवार के वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल, संजय रामचंद्र एवं शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर तथा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के प्रदेश संयोजक सुमित शर्मा शक्ति एवं प्रदेश प्रभारी सुमित अग्रवाल दर्री तथा अजेय अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मारवाड़ी युवा मंच की ओर से कन्हैया गोयल ने शिविर पर प्रकाश डाला तथा स्वागत उद्बोधन देते हुए मंच के संरक्षक हरिओम अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर स्व. मांगेराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, तथा इस शिविर में आने वाले सभी विकलांग बंधुओ को उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, बैसाखी, कैलिपर्स एवं श्रवण यंत्र भी दिए जाएंगे, कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए शक्ति जिले की जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा पुण्य का काम होता है, एवं मारवाड़ी युवा मंच यह कार्य आज शक्ति जिले में कर रहा है, यह बड़ा ही सराहनीय कार्य है,एवं मैं सभी मंच के सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई देती हूं एवं निरंतर ऐसे सेवा के काम हम सभी करते रहें, जिससे समाज के लोगों को इसका लाभ मिल सके, कार्यक्रम को मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए विस्तार पूर्वक अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविर की जानकारी दी, साथ ही कहा की शक्ति शाखा सक्रिय रूप से निरंतर काम कर रही है, एवं पूरे प्रदेश में मारवाड़ी युवा मंच सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में सबसे अग्रणी संस्था है, इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने आगंतुक सभी अतिथियों एवं मंच सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया, साथ ही मारवाड़ी युवा मंच शक्तिशाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल एवं पूर्व शाखा अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू को भी प्रांतीय अध्यक्ष की पिन लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथि अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मारवाड़ी यूवा मंच सदैव सेवा के काम में आगे रहती है, एवं हमें खुशी होती है कि हमारे शक्ति शहर में आज युवा साथी ऐसा काम कर रहे हैं, एवं श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा अग्रवाल समाज देश में सेवा के कामों के लिए जाना जाता है, एवं हमारे समाज के लोग आगे भी ऐसे कामों में निरंतर सक्रिय रूप से काम करेंगे, कार्यक्रम को संरक्षक संजय रामचंद्र ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की पहल पर आने वाले दिनों में शक्ति के जिला अस्पताल में विकलांग भाइयों के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र की सुविधा प्रारंभ की जा रही है, तथा युवा मंच का काम सदैव सेवा का एवं रचनात्मक कार्य होता है। कार्यक्रम को कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के प्रदेश संयोजक सुमित शर्मा शक्ति एवं प्रदेश प्रभारी सुमित अग्रवाल दर्री जमनीपाली ने भी संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका लाभ विकलांगों को मिले इस दिशा में मंच द्वारा पहल की गई है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रायोजक परिवार के वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र अग्रवाल ने भी कहा कि उनके परिवार के द्वारा सेवा के कामों में सदैव आगे बढ़कर काम किया जाता है, तथा विकलांगों की सेवा एक सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है, इस सोच के साथ उनके परिवार ने इस शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया है, आगे भी वे इसी तरह से सहयोग देते रहेंगे, शिविर के दौरान उपस्थित लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई एवं मंचस्थ सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह, मोतियों की माला, एवं दुपट्टा भी पहनाया गया।

# डॉक्टर शालू पाहवा ने श्री हनुमान सेवा परिवार को दिया मरच्युरी फ्रीजर



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

लिनेश क्लब एरिया- 8 की एरिया ऑफिसर एवं शक्ति शहर के प्रतिष्ठित जेएलएन डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शालू पाहवा ने शहर के रचनात्मक एवं सेवा कार्य करने वाली संस्था श्री हनुमान सेवा परिवार को मर्च्युरी फ्रीजर प्रदान की है, यह फ्रीजर 10 नवंबर को स्थानीय सार्वजनिक मुक्तिधाम शक्ति में श्री हनुमान सेवा परिवार के सदस्यों एवं लिनेश क्लब शक्ति के पदाधिकारीयो की उपस्थिति में डॉक्टर शालू पाहवा द्वारा प्रदान किया गया, इस अवसर पर डॉक्टर शालू पाहवा ने कहा कि शक्ति शहर में मर्च्युरी फ्रीजर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, तथा इसे देखते हुए उनके परिवार द्वारा यह प्रदान किया गया है, एवं इससे पूर्व में भी डॉक्टर शालू पाहवा ने मुक्तिधाम में अपनी ओर से ठंडे पानी का वाटर कुलर सहित विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यों में सहयोग प्रदान किया है, इस दौरान श्री हनुमान सेवा परिवार के उपस्थित पंडित ओमप्रकाश वैष्णव, कोडके मौर्य, अमित तंबोली, गोवर्धन सोनू देवांगन, खरा सहित अन्य सदस्यों ने भी पाहवा परिवार का आभार व्यक्त किया, इस दौरान लिनेश क्लब शक्ति की पूर्व अध्यक्ष अनीता सिंह, वर्तमान अध्यक्ष विजय यशवंत जायसवाल, कलेश्वरी साहू सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# ज्ञान सागर संस्कार प्रामाणिक पाठशाला के बच्चों ने हर वर्ष की तरह नेकी का उपहार कार्यक्रम इस वर्ष भी किया



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

ज्ञान सागर संस्कार प्रामाणिक पाठशाला के बच्चों ने हर वर्ष की तरह नेकी का उपहार कार्यक्रम इस वर्ष भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद गंगवाल एवं प्रभु दयाल काला के सानिध्य में णमोकार महामंत्र के जाप पंचम युग के भगवन परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर महामुनिराज के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने हाथों से आए हुए गरीब परिवारों को उपहार दिया। इस कार्यक्रम में हमें समाज के वरिष्ठ एवं नवयुवक मंडल के सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पाठशाला के बच्चों ने लगभग 500 से 700 व्यक्तियों को अपने हाथों से नेकी का उपहार वितरित किया। बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर पूरे दिन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी लगन और उत्साह दिखाया। बच्चों के इस नेक कार्य में शामिल हुए हमारे मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद गंगवाल ने पाठशाला के सभी बच्चों को फल वितरित किया। पाठशाला परिवार की ओर से सभी बच्चों के नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था की गई। हमारा इस पूरे कार्यक्रम को रखने का उद्देश्य बच्चों के मन में दान के महत्व एवं दूसरे के प्रति दया की भावना को जन्म देना था।

# एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के तहत दूरस्थ वनांचल क्षेत्रो में विद्यालयीन जागरूकता कार्यक्रम हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा समुदाय में बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिले के अंतिम छोर तक किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन का अनुपालन करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कसडोल विकासखंड के सूदुर तथा सीमावर्ती ग्रामों थरगांव, चांदन, मानदीप, बरपानी और कुशभाटा के शासकीय उ.मा.विद्यालयों में जाकर बच्चों को उनके अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को बाल अधिकारों, बाल विवाह, बाल श्रम, किशोर न्याय अधिनियम, दत्तक ग्रहण और पाक्सो एक्ट जैसी महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी से अवगत कराना था। साथ ही, बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच के अंतर को समझाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए, ताकि वे अपने शरीर की सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। टीम ने बच्चों को बाल कल्याण समिति और विधि से संघर्षरत बच्चों एवं शासन के द्वारा बालको के संरक्षण हेतु स्थापित की गई वैधानिक इकाईयों एवं संस्थानों के बारे में भी जानकारी दी। इस सत्र में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 तथा चिकित्सा एवं पुलिस सहायता हेतु 112 नंबर के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में बच्चे सही सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत बच्चों को समझाया गया कि नशा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के लिए कितना हानिकारक हो सकता है। बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उन्हें इसके संभावित दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कुल 5 विद्यालयों के 1200 छात्र-छात्राओं ने जागरूक कार्यक्रम में भाग लिया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी और उनके प्रश्नों का समाधान भी किया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा, संरक्षण अधिकारी विजय दिवाकर, चाईल्ड लाईन समन्वयक रेखा शर्मा, परामर्शदाता संतोष कोसले, सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत और आउटरीच कार्यकर्ता अर्चना वैष्णव एवं भागीरथी सिदार सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कोसानगर क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु चलाया गया अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। निगम के पांचो जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने.अपने जोन क्षेत्र में बिमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे है। जोन के अधिकारियों द्वारा अपने.अपने क्षेत्र में दल बनया गया है। दल अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बस्तीयों में जाकर निरीक्षण करते है। संबंधित परिवार को समझाइस देते है। रैली निकालते है, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश देते है कि किस प्रकार से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखा जावे। नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्रमांक 05 कोसानगर के आस.पास कुलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफास, जला आईल आदि का छिड़काव कर रहे है। उसके साथ.साथ नागरिको को जागरूक करते हुए बता रहे है कि पानी को उबालकर पीए, शुद्ध ताजा भोजन करे। बाहर के बासी खादय सामग्री खाने से बचे, किसी प्रकार की उल्टी.दस्त, कपकपी के साथ बुखार आदि होने पर नजदीक के शासकीय अस्पताल में डांक्टर को दिखाकर दवा लेवें। अपने मन से मेडिकल स्टोर से दवा लेने से बचें, स्वयं से सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है। अभियान के दौरान जोन के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, विरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।

# मैक के छात्र-छात्राएं ने किया गवर्नर परीक्षा उत्तीर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



झांकी अभनपुर में सितंबर माह में गवर्नर अवार्ड टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मैक महाविद्यालय से एक रोवर और आठ रेंजर ने भाग लिया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने गवर्नर अवार्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर मैक महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मैक महाविद्यालय की चेयरमैन एवं भारत स्काउट गाइड के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दी तथा कालेज प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए हर्ष जाहिर किया। गवर्नर अवार्ड परीक्षा में महाविद्यालय से रोवर साहिल गोंड, रेंजर जिया अदाणी, तमन्ना डेनियल, विभूति वर्मा, जश्नदीप कौर, टी निरूपा, ईशा पटेल, जे दीपिका परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। अभनपुर झांकी में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत रोवर रेंजर परीक्षार्थीयों को विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया गया जिसमें ब्रिज बनाना, उपकरण निर्माण एवं दैनिक जीवन से जुड़ी प्रमुख चीजे साथ ही आपातकालीन स्थिति में समस्याओं से कैसे जूझना है इसके बारे में बताया गया रात में फायर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय व सांस्कृतिक झलकें प्रस्तुत किया गया है। इस प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड की प्रदेश के अधिकारी उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन किया। भारत स्काउट्स और गाइड्स के संगठन में गवर्नर अवार्ड एक महत्वपूर्ण सम्मान है, जो विशेष रूप से उन स्काउट्स और गाइड्स को दिया जाता है जिन्होंने असाधारण प्रदर्शन और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान किया है। यह अवार्ड प्राप्त करने वाले बच्चे समाज में अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हैं और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्काउटिंग के उच्च मानकों को बनाए रखते हैं। ऐसे अवार्ड से सम्मानित होना न केवल बच्चों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह उनके परिवारों और समुदाय के लिए भी सम्मान की बात होती है। इस पुरस्कार से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के रोवर लीडर डॉ. डिग्री लाल पटेल तथा रोवर रेंजर इंचार्ज अभिजीत चक्रवर्ती, गोपीराम सोनकर, नीलिमा निषाद विशेष रूप से उपस्थित रहें।

# तीसरी आंख की नजर में रहेंगे मरीज

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर अब पूर्ण रूप से सीसी कैमरा से लैस हो गया यदि कोई किसी प्रकार की घटना करता है तो उनका परिणाम बहुत ही दुखदाई होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में दूर दराज से मरीज अपना इलाज कराने के लिए आते हैं और वहीं पर सुनसान जगह का कुछ मरीज शरारत भी करते हैं। उपद्रव को रोकने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में सीसी कैमरा लग गया है लोगो ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर साहू का आभार व्यक्त किया है। तीसरी आंख की नजर में मरीज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाने वाले लोग निगरानी में रहेंगे इलाज के बहाने में मिलन पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लग जाएगा।

# नाटक के माध्यम से बेटी पढ़ाओ और नशामुक्ति का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com

संतगुरु शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 का सात दिवसीय विशेष ग्राम भैंसमुंडी में आयोजित किया गया है। शिविर के छठवें दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों नें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों में जागरूकता संदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को दिखाने का प्रयास स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों नें बेटी पढ़ाओ और नशामुक्ति का संदेश ग्रामीणों को दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच त्रिलोकचंद साहू थें, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राध्यापक हितनारायण टंडन नें किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति महाविद्यालय कुरूद के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, सदस्य महेश केला, सुरेश वाधवानी, खेमराज सिन्हा, शिक्षक चुड़ामणि साहू, डॉ विक्रम सिंह, डॉ चुन्नी लाल साहू, मोहन साहू पंच, सेवानिवृत शिक्षक शत्रुहन साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थें।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं दिनेश कुमार सागर (DINESH KUMAR SAGAR) पिता हरख राम सागर (HARAKH RAM SAGAR) उम्र 50 वर्ष निवासी बड़ेबचेली जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरा नाम दिनेश कुमार सागर (DINESH KUMAR SAGAR) जहां पासपोर्ट में (DINESH KUMR SAGAR) लिखा गया है इसमें सुधार की आवश्यकता हैं। मेरा नाम आधार कार्ड में भी दिनेश कुमार सागर (DINESH KUMAR SAGAR) हैं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्थशासकी व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम दिनेश कुमार सागर (DINESH KUMAR SAGAR) पिता हरख राम सागर (HARAKH RAM SAGAR) से ही जाना पहचाना जावें।

**दिनेश कुमार सागर**
निवासी बड़ेबचेली, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## Name Change

It Is informed to the genral public that I **DINESH KUMAR SAGAR S/O HARAKH RAM SAGAR** resident of Badebacheli dist. Dantewada (C.G.) . I declare that my name is DINESH KUMAR SAGAR where in the passport it is written as **DINESH KUMR SAGAR** which required correction. That in the adhar card is all so DINESH KUMAR SAGAR. So in future I should be recognised by my name that is DINESH KUMAR SAGAR S/O HARAKH RAM SAGAR in all government and other document.

**DINESH KUMAR SAGAR**
**Badebacheli**
**dist. Dantewada (C.G.)**

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

### e-Procurement Tender Notice

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
(Call 1st)

NIT NO.:-2058/TPO/ADVERTISMENT/2024 RAIPUR DATED : 5/11/2024

Online bids are invited for the following works up to 2/12/2024 at 17:30 hours.

| क्र. | System Tender NO. | कार्य का विवरण | एल.ई.डी. बोर्ड साईज | संख्या | न्यूनतम आफसेट दर (प्रथम वर्ष के) लिए | अमानत राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 161107 | बी.ओ.ओ. पद्धति से मल्टीलेवर कार पार्किंग ईएसी कालोनी में एल.ई.डी. बोर्ड की स्थापना, संचालन संधारण के साथ 5 वर्षों के लिए विज्ञापन अधिकार का कार्य। | 2000 वर्गफीट | 1 | 16.52 लाख | 0.83 लाख | 05 वर्ष |

The details can be viewed and downloadedn online directly from the Goverment of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.infrom 11/11/2024 17.30 Hours (IST) on wards.

Fro more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

**NOTE :-**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification ot their doubts regarding the process of Electrocnic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.erpoc@cgswan.gov.in**


*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**TOWN PLANNER**
TOWN PLANNING
MUNICIPAL CORPORTATION, RAIPUR (C.G.)

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयास से जशपुर बना एडवेंचर पर्यटन का मुख्य आकर्षण

## छत्तीसगढ़ का जशपुर जिला साहसिक पर्यटन के लिए एक नई पहचान बन चुका

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने पर्यटन को प्रोत्साहित करने और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पिछले वर्ष से व्यापक प्रयास शुरू किए गए हैं। मुख्यमंत्री साय ने जशपुर की प्राकृतिक संपदा और रोमांचक गतिविधियों की संभावनाओं को देखते हुए इसे साहसिक खेलों के एक नए केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। उनके कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों के कारण, यह क्षेत्र अब न केवल राज्य में बल्कि पूरे देश में एक प्रमुख साहसिक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध हो रहा है। जशप्योर और पहाड़ी बकरा एडवेंचर द्वारा हाल ही में आयोजित एक बाइक ट्रिप ने पूरे देश भर के राइडर्स को आकर्षित किया। देशभर से आए इन साहसी बाइकर्स ने जशपुर की घुमावदार सड़कों, कठिन ट्रेल्स, और हरे-भरे जंगलों का रोमांचक अनुभव लिया। इन राइडर्स को हिमालय राज्य जैसे लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कठिन रास्तो पर बाइकिंग अनुभव प्राप्त है और उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की अनछुई प्राकृतिक सुंदरता को एक नए नजरिये से देखा। जशपुर का अनोखा प्राकृतिक आकर्षण जैसे रानी दह जलप्रपात, सारुडीह चाय बागान, किनकेल पाठ, चुरी और मक्करभज्जा जलप्रपात एवं यहाँ के जनजातीय संस्कृति एवं खाद्य उत्पाद उनके लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। इसके अलावा, देशदेखा क्लाइंबिंग सेक्टर में रॉक क्लाइम्बिंग एवं कैंपिंग तथा पंड्रापाठ में स्टार गेजिंग का रोमांचक अनुभव भी उनके लिए खास था। मुख्यमंत्री साय का यह मानना है कि साहसिक खेल और पर्यटन केवल मनोरंजन के साधन नहीं हैं, बल्कि ये स्थानीय युवाओं के रोजगार का एक प्रमुख स्रोत भी बन सकते हैं। उनके मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं एवं जनजातीय लोगो को एडवेंचर खेलों की बारीकियों में अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित किया जा चूका है। जशपुर के देशदेखा क्लाइंबिंग सेक्टर में स्थानीय गाइडों की मदद से रॉक क्लाइम्बिंग का आयोजन हुआ, जो अब देशभर में एडवेंचर खेलों के शौकीनों के बीच चर्चा में है। शुभम नामक एक अनुभवी रॉक क्लाइंबर ने बताया कि जशपुर का यह क्षेत्र अद्वितीय है। इसे देखकर समझ नहीं आता कि इतने सुंदर और साहसिक अनुभवों से लोग अनजान क्यों हैं। इस क्षेत्र को एडवेंचर पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थान मिलना चाहिए। इस टूर के दौरान पंड्रापाठ और सन्नापाठ जैसे क्षेत्रों में स्टार गेजिंग की संभावनाएं भी उजागर हुई हैं। इस यात्रा के दौरान एक विशेष स्टार गेजिंग सत्र का भी आयोजन किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने खुली रात के आकाश में खगोलीय पिंडों को देखा और एस्ट्रोलॉजी के बारे में जाना। जशपुर का यह हिस्सा अब राष्ट्रीय स्तर पर स्टार गेजिंग के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में देखा जा रहा है, जो पर्यटकों को एक विशेष और अनोखा अनुभव देने की क्षमता रखता है। बाइकर्स ने यहां के स्थानीय आदिवासी खान-पान और संस्कृति का भी आनंद लिया। जशप्योर द्वारा बनाये गए महुआ और मिलेट के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद, और आदिवासी घरों का दौरा कर उनके रहन-सहन और सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जानना, उनके लिए यादगार अनुभव रहा। अंतराष्ट्रीय पर्वतारोहण गाइड, एक्सट्रीम एडवेंचर स्पोर्ट ट्रेनर एवं जिला एडवेंचर टूरिज्म के सलाहकार के स्वप्निल राचेलवार ने कहा की यह क्षेत्र विविध सम्भावनावो से परिपूर्ण है। यहाँ के स्थानीय एवं जनजातीय लोग ऐसे खेलो में प्राकृतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त होते हैं, और उचित मार्गदर्शन पाकर यहाँ से कई अन्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाडी एवं पेशेवर गाइड उभर कर बहार आ सकते हैं। जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार की इसी क्रमबद्ध पहल ने यह भी सुनिश्चित किया कि इस क्षेत्र का विकास पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी संस्कृति के सम्मान के साथ हो। उनका सपना है कि जशपुर साहसिक खेलों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे और इसके माध्यम से स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाया जाए। जशपुर अब एडवेंचर खेलों का छत्तीसगढ़ में एक नया केंद्र बनकर उभर चूका है। यह न केवल केंद्रीय भारत बल्कि सपूर्ण राष्ट्र में एडवेंचर खेलों का हॉटस्पॉट बनने की ओर अग्रसर है, जहाँ पर्यटक एक अलग और अनोखा अनुभव पा सकते हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की है। रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए 13 नवम्बर को सवेरे सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके लिए निर्वाचन क्षेत्र में 253 मुख्य मतदान केंद्र और 13 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उप-निर्वाचन में क्षेत्र के कुल दो लाख 71 हजार 169 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें एक लाख 33 हजार 800 पुरूष मतदाता, एक लाख 37 हजार 317 महिला मतदाता और 52 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

## एसएसटी पाइंट पर पकड़ा गया 27 लाख रुपए कैश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उपचुनाव के मद्देनजर उपचुनाव दक्षिण विधानसभा रायपुर क्षेत्र अंतर्गत थाना पुरानी बस्ती भाटा गांव में एस.एस.टी.पॉइंट लगाई गई है। आज एसएसटी पॉइंट भाटा गांव में वाहन चेकिंग के दौरान रिया कार क्रमांक सीजी 08 ए आर 8800 को रोक कर समक्ष गवाह व कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजकुमार सिंह परस्ते की उपस्थिति में कार की तलाशी ली गई। जिसमें कार सवार व्यक्ति के कब्जे में एक काला रंग का बैग को बारीकी से चेक करने पर बैग में नगदी रकम कुल 27.10.000 रुपए (27 लाख 10000 रुपए) रखा मिला, उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने बोलने पर उक्त व्यक्ति द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया. आचार संहिता होने से उक्त रकम को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए इनकम टैक्स विभाग को सौंपी गई है।

## गुरुनानक देव जी की 555 वीं जयंती पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



गुरु नानक देव जी की 555 वीं जयंती पर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर धीरज बाकलीवाल श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने पंज प्यारों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, संजय कोहले, फतेह सिंह भाटिया, बृजेन्द्र भारद्वाज,परमजीत सिंह भुई, शिशिरकांत कसार सहित सिख समुदाय के हजारों लोग मौजूद रहे। नगर कीर्तन के प्रारंभ में नगाड़ों और नरसिंगा (तुरही) की धुन गूंज रही थी। सबसे आगे पाँच निहंग घुड़सवार अपनी पारंपरिक वेशभूषा में थे,जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। नगर कीर्तन में पाइपर बैंड, गतका टीम और बाइकर टीम ने विशेष आकर्षण प्रदान किया। गतका टीम के बच्चों और वरिष्ठ सदस्यों ने पारंपरिक करतब दिखाए, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। नगर कीर्तन के मार्ग में पुरुष और महिला सेवादार सड़कों पर पानी डालकर और झाड़ू लगाकर सफाई करते चल रहे थे।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारीगण निगम रिसाली के स्लम एरिया में पंहुचकर संचालित योजनाओं की ली गई जानकारी

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिक निगम रिसाली में 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को नगर निगम रिसाली द्वारा शासन की हितग्राही मूलक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नगरीय निकाय की भौगोलिक स्थिति जनसंख्या, वार्डो की संख्या, अनुसुचित जाति, जनजाति वर्ग के मौजुद परिवार की जानकारी देते हुए नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विषय से संबंधित विभाग प्रमुखों ने वार्ड के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के मौजुदगी में प्रशिक्षु अधिकारियों को शासन की गाईड लाईन अनुसार योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अवगत कराया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कचरा निष्पादन की तकनीकी जानकारियों के विषय में बताया गया। घरों, दुकानों, मार्केट क्षेत्र से एकत्रित कचरों को सेरीगेटस करने की विधि बताई गई। रिसायकलिंग प्रक्रिया को समझाया गया।












# विधायक प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में विधायक दिपेश साहू ने किया व्यापक जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बेमेतरा विधायक दिपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कुशालपुर नगर, साहू पारा, कर्मा चौक, संजय नगर, इंद्रा चौक,निजामुद्दीन पारा सहित कई वार्डो में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान डोर टु डोर जनसंपर्क और छोटी-बड़ी बैठकों के माध्यम से पार्टी नेताओं ने क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंचकर सुनील सोनी के लिए समर्थन जुटाया। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा सुनियोजित और मजबूत प्रचार अभियान चला जनता को अपने पक्ष में करने को प्रयासरत है। इस दौरान विधायक दिपेश साहू और विधायक ईश्वर साहू रायपुर दक्षिण विधानसभा के मतदाताओं को भाजपा सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया गया और सुनील सोनी को एक सक्षम और जिम्मेदार उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत उन्हें जिताने की अपील की। जनसंपर्क में उमड़ी महिलाओं-युवाओं की भीड़ और जनता का उत्साह देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल और भी ऊंचा हुआ है। नेताओं ने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें भाजपा की नीतियों एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में बताया। इस दौरान क्षेत्र के विकास, रोजगार, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। भाजपा का यह अभियान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के उत्साह को प्रदर्शित करता है। इस दौरान विधायक दिपेश साहू ने कहा की 13 नवंबर को कमल निशान पर मिलने वाला हर वोट रायपुर दक्षिण में दोगुना विकास सुनिश्चित करेगा।

जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने भाजपा सरकार आने के बाद मिलने वाले महतारी वंदन योजना की राशि के प्रति खुशी जताते हुए अपने अनुभव साझा किए जिसमें उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में हर महीने मिलने वाले 1000 रुपए के कारण उनकी इस बार की दीपावली स्पेशल बनी है जिससे महिलाओं ने अपने पैसों से मिठाई इत्यादि खरीद कर इस बार आत्मनिर्भरता के साथ दीपावली मनाई है।

# हमें हमेशा अपनी कला, संस्कृति व परंपराओं को सहेजकर रखने का प्रयास करना चाहिए : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन एवं आर्दश मित्र मंडल पीपरछेड़ी व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव का आयोजन रविवार को ग्राम पीपरछेड़ी में बड़े हर्ष उल्लास के सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने इस आयोजन के लिए समिति को बधाई देते हुए आगे कहा कि पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली गतिविधियों से होती थी। लेकिन पूर्व में हमारी सरकार ने राज्य की गौरवशाली परंपरा और पुरखों के सपनों को पूरा करने का काम शुरू किया था। जिससे एक नई पहचान बनी, लेकिन आज़ राज्य में हर वर्ग के लोग भाजपा सरकार से परेशान है। बघेल ने आरोप लगाया कि जो लोकहितकारी योजनाएं चल रही थी उन्हें भी भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। सिर्फ महतारी वंदन योजना चल रही है। उसमें भी नव विवाहिता जो हैं उनके लिए पोर्टल नहीं खोला गया है। जो छूट गए हैं उन्हें नहीं जोड़ा जा रहा है। वृद्धा पेंशन में कटौती कर दी है। गौधन न्याय योजना बंद, राजीव युवा मितान क्लब योजना बंद, राजीव गांधी किसान न्याय योजना बंद, भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना बंद, बिजली बिल हाफ योजना बंद, बेरोजगारी योजना बंद, सारी योजना बंद कर दी गई है। इस आयोजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर गांव के युवा सदस्यों ने ग्राम वासियों के सहयोग से काफी मेहनत किया था। जिसका सुखद प्रतिफल रहा कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक पंजीयन हुए और हर उम्र की महिला समूह और ऊर्जावान बेटियों की टीम ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन करते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सबको अपनी जगह पर ही बैठे रहने के लिए मजबूर कर दिया।

12 Nov. 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567



दीपावली, देवउठनी एकादशी एवं कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं अनेकानेक शुभकामनाएं

श्री कबीर कन्ट्रक्शन
सिविल कान्ट्रेक्टर
(शासकीय कान्ट्रेक्टर)

मान. इन्द्र साव
विधायक, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र

शुभाकांक्षी
संतोष साहू सिविल कान्ट्रेक्टर
आफिस :- जनपद ऑफिस के पास, गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा
जिला :- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



दीपावली, देवउठनी एकादशी एवं कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत तरेंगा
विकासखण्ड-भाटापारा
जिला-बलौदाबाजार
भाटापारा (छ.ग.)

श्रीमति क्रांति दशरथ आडिल
सरपंच

श्री रोहित चक्रवर्ती
सचिव

उप सरपंच, जनपद सदस्य एवं समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी



MODERN ENGLISH SCHOOL BHATAPARA
(Run Under The Shri Sai Samiti)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
FOR CLASSES NURSERY TO VIII
"Enriching Minds, Changing Lives"

दीपावली, देवउठनी एकादशी एवं कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं अनेकानेक शुभकामनाएं

ज्ञानवर्धक उत्तम सुविधाएँ :-
- पूर्ण हरियाली, फूल-पौधे युक्त स्वच्छ वातावरण।
- सी.सी.टी.वी. कैमरों से युक्त विद्यालय परिसर।
- शैक्षणिक, खेल एवं सहभागी गतिविधियों के पुरस्कार समारोहों का आयोजन
- प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ।
- नवीन साफ्टवेयर युक्त कम्प्यूटर प्रयोगशाला।
- सर्वसुविधा युक्त स्मार्ट क्लास।
- विद्यार्थियों के लिए झूले, फिसलपट्टी व अन्य शैक्षणिक खेल सामग्री।
- खेल-खेल में शैक्षणिक गतिविधियाँ।
- शिक्षा में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएँ।

TARENGA ROAD, NAKA NO. 1 BHATAPARA MOB: 9329129242, 9827963700



Signature Sortex Clear Toor Dall
JALIAWALA GROUP
ALL IS WELL Premium Quality Sortex Clear Toor Dall

MAHAK FUELS
98271-91400
96302-66000

HAPPY DIWALI

A-One Dharam Kata

| MAHAK INDUSTRIES | AVON POHA UDYOG | ARSHI DALL MILL | MAHAK INDUSTRIES | KOHINOOR INDUSTRIES |
|---|---|---|---|---|
| 98271-67516 88152-78692 | 98271-91400 70009-11783 | 87701-15415 98271-91400 | 98271-67516 88152-78692 | 98271-91400 70009-11783 |



जी हाँ! HP GAS

प्रदेशवासियों को दीपावली, देवउठनी एवं कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं

HPGAS
बजरंग एचपी गैस एजेंसी
लिकेज कम्पलेन-93004-48009
खप्पर बाबा मंदिर के पास, लिंक रोड भाटापारा
प्रो. भुनेश्वरी देवांगन, मो. : 9827110127, 9300448099



DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL
A Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E, New Delhi
BHATAPARA - BALODA BAZAR

देवी महालक्ष्मी की कृपा से, आपके घर में हमेशा उमंग और आनंद की रौनक हो।
धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ

REGISTRATION OPEN
(SESSION : 2025 - 2026)
NURSERY TO IX & XI

क्या आपके बच्चे भविष्य के लिए तैयार हैं ?
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भाटापारा, आत्मचेतना को केंद्र में रखकर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है। यह अपने पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा योजना की मूल भावना को कार्य योजना में शामिल करने वाला प्रथम पंक्ति का विद्यालय है। हम विद्यार्थी के व्यक्तित्व के हर पहलू पर कार्य करके उसमें समग्र विकास को सुनिश्चित करते हेतु पंच आयाम कार्यक्रम के माध्यम से सफल प्रयास कर रहें हैं।

Salient Features -
- Pioneer in Implementing NEP 2020.
- Five fold Holistic Development of the child-Cognitive Development, Physical Development, Linguistic Development, Skill Development, Spiritual Development.
- Dedicated Activity Area for Music, Dance, Art&Craft, Indoor Sports, Outdoor Sports, Synthetic Floor for Lawn Tennis & Basketball, Auditorium, Swimming Pool.
- Integrated Approach of Value Education with CBSE Curriculum.
- Well equipped Montessori Lab (for Pre Primary Students), Physics Lab, Chemistry Lab, Bio Lab & Advance Computer Lab.
- 100% Classes are equipped with Smart Board.
- Special Personality Development Program.

SPECIAL SKILL DEVELOPMENT PROGRAM FOR FOUNDATIONAL STAGE (NURSERY - II)

Scholarships for Meritorious Students

+91 74404 02042
+91 74404 02314
+91 74404 02313
www.dwpsbhatapara.com
Follow now
Village: Khamhariya, Baloda Bazar Road, Bhatapara, Dist. Baloda Bazar, C.G.


संकलनकर्ता-श्यामसुंदर पुरोहित, संवाददाता-भाटापारा, मोबाईल-97556-85116

सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403